दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। मंगलवार 06 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 298 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरा शेख हसीना का विमान

### विदेश मंत्री जयशंकर ने पीएम मोदी को किया ब्रीफ





**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। सेना ने वहां पर अंतरिम सरकार बनाने का ऐलान किया है।

इससे पहले हजारों प्रदर्शनकारी सोमवार को राजधानी ढाका में शेख हसीना के सरकारी आवास में घुस गए और जमकर लूटपाट तथा तोड़फोड़ की। उनके पिता मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को हथौड़ों से तोड़ डाला। यही नहीं पार्टी के कार्यालयों में आग लगा दी गई।

### पीएम मोदी से मिलने पहुंचे विदेश मंत्री

बांग्लादेश में बिगड़ते हालात के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर पीएम मोदी से मिलने संसद भवन स्थित पीएम ऑफिस पहुंचे हैं।

### विदेश मंत्री ने दी पीएम को दी स्थिति की जानकारी

बांग्लादेश में हिंसा के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़ने की घटनाओं के साथ बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जानकारी दी है।

हिंडन एयरबेस पर शेख हसीना से मिले अजीत डोभाल, एक घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात।




# जीडीए बोर्ड बैठक में लगी कई प्रस्तावों पर मुहर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 165वीं बोर्ड बैठक मेरठ मंडल आयुक्त/ अध्यक्ष, गाजियाबादविकास प्राधिकरण की अध्क्षता में मेरठ मंडल आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में 26 प्रस्ताव रखे गये और इन प्रस्तावों को बोर्ड द्वारा विस्तृत विचार विमर्श के बाद कुछ संशोधनों के साथ अनुमोदित किया गया। जीडीए की बोर्ड बैठक में कई विकास योजनाओं की सौगात गाजियाबाद के लोगों को मिलने जा रही है। ग्रुप हाऊसिंग की कई योजनाएं आ रही हैं। इसके अलावा जीडीए अपने 1000 से भी ज्यादा भवनों को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों को विक्रय करेगा। एकल आवासीय भूखण्डों की भी योजना तैयार हुई है।

## लॉन्च की गई हरनंदीपुरम योजना



### हजारों लोगों की आवासीय जरूरतों का समाधान लेकर आ रही है हरनन्दीपुरम योजना



करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की नई आवासीय योजना के रूप में हरनन्दीपुरम योजना आ रही है। आम नागरिकों का ध्यान आकर्षण करने के लिए जीडीए द्वारा नए गाजियाबाद का नाम हरनन्दीपुरम रखा जा रहा है। इस आवासीय योजना के आने के बाद जहां हजारों लोगों को आवास उपलब्ध होगा वहीं इस योजना से स्थानीय स्तर पर हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। नई आवासीय योजना आने के बाद गाजियाबाद के हजारों नागरिकों को छोटे बड़े प्लॉट भी उपलब्ध होंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में छोटे बड़े भूखण्ड मिलने का अवसर प्राप्त होने पर अवैध कॉलोनियों के निर्माण के प्रति लोगों का रूझान कम होगा। यह योजना लगभग 541 हैक्टेयर में विस्तारित होगी।

### पवन गोयल ने रखा पत्रकारों के लिए आवास योजना का प्रस्ताव



करंट क्राइम। जीडीए बोर्ड सदस्य तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पवन गोयल ने जीडीए बोर्ड बैठक में पत्रकारों के लिए आवास योजना का प्रस्ताव रखा। पवन गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में उन्होंने यह प्रस्ताव रखा कि लंबे समय से पत्रकारों के लिए कोई आवासीय योजना नहीं आई। इस वर्ग को आवास की आवश्यकता है। उन्होंने यह प्रस्ताव रखा और पत्रकारपुरम के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। पवन गोयल ने कहा कि उनके प्रयास से बोर्ड के मिनट्स में इसे रखा गया है और पत्रकारों के लिए पत्रकारपुरम योजना के प्रस्ताव में उन्हें सफलता मिली है।

### शाहपुर मोरटा-भौवापुर गांव की जमीन पर आयेगी यह आवासीय योजना



करंट क्राइम। नई आवासीय योजना हरनन्दीपुरम मथुरापुर, नंगला मोहनपुर, शमशेर, चंपत नगर, भनैडा खुर्द, शाहपुर मोरटा, मोरटी, भौवापुर आदि की जमीन पर आ रही है। इस क्षेत्र की विशेषता यह है कि एक ओर 45 मीटर रिंग रोड दूसरी ओर 45 मीटर मास्टर प्लान रोड और तीसरी ओर पाईप लाईन रोड से जुड़ी हुई है। इस नई आवासीय योजना के आने से भट्टा नंबर 5 रोड का भी प्राधिकरण द्वारा चौड़ीकरण किया जायेगा। नई आवासीय योजना भटटा नंबर 5 रोड से होते हुए राजनगर एक्सटेंशन के 45 मीटर रोड से जुड जायेगी। इस प्रकार यह योजना दो तरफ से मेरठ रोड से जुड जायेगी। इस योजना की विशेषता यह भी है कि यह रैपिड रेल के दुहाई स्टेशन से 3-4 किलोमीटर पर होगी।

### पहले आओ-पहले पाओ के आधार के पर होगी यह योजना लॉन्च




करंट क्राइम। हरनन्दीपुरम में आवासीय भूखण्ड पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगी। जीडीए अधिकारियों ने बैठक में इस योजना के लाभ बताये हैं। मासिक समीक्षा बैठकों में बार बार यह निर्देशित किया गया है कि प्राधिकरण अपने विकास क्षेत्र में लैंड बैंक सृजित करे। इस आवासीय योजना के लिए वो गांव चयनित हो चुके हैं जिनकी भूमि अधिग्रहित होनी है। विस्तारित भूमि का शासनादेश आ चुका है और भू-धारकों से आपसी सहमति के आधार पर सीधे भूमि क्रय किये जाने तथा भूमि दर निर्धारण हेतु समिति के गठन किये जाने का प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में स्वीकार किया गया।

### इन्दिरापुरम में भूखण्ड बेचकर जीडीए कमायेगा 400 करोड़ रुपए




करंट क्राइम। इन्दिरापुरम क्षेत्र में भी भूखण्ड नियोजित कर नीलामी के माध्यम से भूखण्ड का विक्रय किया जा रहा है। इससे प्राधिकरण को लगभग 400 करोड़ की आय प्राप्त होने की संभावना है। प्राधिकरण की अन्य योजनाओं से भी सम्पत्तियों का विक्रय कर धनराशि जुटाई जायेगी। इस धनराशि से नई आवासीय योजना हेतु जमीन खरीदने की कार्यवाही शीघ्र ही शुरू हो जायेगी।

### 26 बार नीलामी में रखने के बाद भी नहीं बिके इन्दिरापुरम विस्तार योजना के प्लॉट



करंट क्राइम। इन्दिरापुरम विस्तार योजना के पार्ट लेआउट में ग्रुप हाऊसिंग के लिए हैं। ये भूखण्ड संख्या 6, 7 व 8 हैं जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 30,000 वर्ग मीटर है। इन भूखण्डों को बेचने के लिए 26 बार नीलामी में रखा गया लेकिन ये भूखण्ड नहीं बिके। जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा अपर सचिव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाई गई। इस समिति ने इन भूखण्डों को ग्रुप हाऊसिंग भूखण्ड के स्थान पर एकल आवासीय भूखण्डों में परिवर्तित करने का सुझाव दिया। यह भी सुझाव दिया कि एकल आवासीय भूखण्डों की आरक्षित दर का निर्धारण ग्रुप हाऊसिंग भूखण्डों की दर में विकास कार्यों पर होने वाले खर्च तथा हरित क्षेत्र व अन्य सामुदायिक सुविधाओं में प्रयुक्त होने वाली भूमि का मूल्य जोडते हुए किया जायेगा। तीसरा सुझाव यह था कि तीनों भूखण्डों को मिलाकर जो लेआउट तैयार हो रहा है उसमें कुछ अंश व्यवसायिक गतिविधियों के लिए भी नियोजित किये जायें।

### वेव सिटी के संशोधित तलपट मानचित्र के अनुमोदन का प्रस्ताव हुआ स्वीकृत

करंट क्राइम। मै० उप्पल चड्ढा हाईटेक डवपलपर्स द्वारा एनएच-24 पर विकसित की जा रही हाईटेक टाउनशिप वेव सिटी के संशोधित तलपट मानचित्र 3786.79 एकड़ के अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया। डीपीआर का क्षेत्रफल 4196.30 एकड़ के सापेक्ष जीडीए में गठित समिति द्वारा परिक्षित एवं उल्लेखित शर्तों और प्रतिबंधों के साथ मै० उप्पल चड्ढा हाईटेक डवपलपर्स द्वारा संशोधित तलपट मानचित्र 3786.79 एकड का प्रस्ताव बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया।

WAVE City

### जीडीए की नई टाउनशिप की संकल्पना तैयार करने के लिए सलाहकार फर्म के चयन का प्रस्ताव पास



करंट क्राइम। जीडीए द्वारा सुनियोजित विकास हेतु नई टाउनशिप लाई जा रही हैं जिनमें आईटी सिटी, लाजिस्टिक पार्क, एजूकेशन सिटी, मैडी सिटी, ऐरो सिटी आदि को विकसित तथा क्रियान्वित किये जाने की संकल्पना तैयार किये जाने हेतु सलाकार फर्म के चयन का प्रस्ताव रखा गया। जिसे बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

### केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल खरीदेगा अपने कर्मियों के लिए 100 से अधिक भवन

करंट क्राइम। भारत सरकार की संस्था सीआईएसएफ केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा अपने कर्मियों के निवास हेतु प्राधिकरण में लगभग 1000 से अधिक भवनों को क्रय करने का एक मुश्त प्रस्ताव दिया गया है। सोमवार को जीडीए बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया। उम्मीद है कि इस प्रस्ताव से प्राधिकरण के कोयल एन्क्लेव योजना तथा इन्द्रप्रस्थ योजना पर स्थिति भूखण्डों के विक्रय होने की पूरी संभावना है। इस बिक्री से प्राधिकरण को लगभग 250 करोड की आमदनी होगी। यह प्राधिकरण के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

सत्यमेव जयते CISF PROTECTION & SECURITY संरक्षण एवं सुरक्षा

### डवलपर-बिल्डर कर सकते हैं अब शमन शुल्क का भुगतान



करंट क्राइम। प्राधिकरण क्षेत्र के विकासकताओं और बिल्डरों को एक बड़ी रियायत बैठक में मिली है। अब वो किश्तों में भी शमन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा जीडीए वीसी को केस-टू-केस के आधार पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। ये माना जा रहा है कि शमन उपविधि के अन्तर्गत कई रूके हुए परियोजनाओं को गति मिलेगी। जिससे पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने में सुगमता होगी।

### मधुबन बापूधाम के किसानों को रियायती दरों पर मिलेगा सामुदायिक केन्द्र

करंट क्राइम। बोर्ड बैठक में यह भी तय हुआ कि मधुबन बापूधाम के किसानों को रियायती दरों पर सामुदायिक केन्द्र किराये पर दिया जाये। इस आवासीय योजना के किसानों को डी ब्लॉक तथा एफ ब्लॉक में संचालित सामुदायिक केन्द्रों में पूर्व में निर्धारित किराया उन्हें अग्रिम तीन वर्षों तक यथावत रखे जाने को बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

### जीडीए में पीएमयू एजेंसी को रिक्त पदों पर कर्मचारी रखने के लिए चुना गया

करंट क्राइम। बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया कि कई अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत हो गये हैं और कुछ कार्मिमों का तबादला हो गया है जिसके चलते कई पद रिक्त हो गये हैं। उनके स्थान पर शासन द्वारा किसी कर्मचारी की तैनाती नहीं की है। जिससे प्राधिकरण के सम्यक संचालन में कठिनाई आ रही है। इस आवश्यकता को देखते हुए नियत मानदेय पर संयुक्त सचिव, अधिशासी अभियन्ता-सिविल, नगर नियोजक, सहायक अभियन्ता-सिविल, अवर अभियन्ता-सिविल, उद्यान निरिक्षक, अमीन, लेखाकार, एसीए, मानचित्रक के पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्राधिकरण में रखे जाने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में जीडीए में 8 अभियन्त्रण जोन है और ये तय हुआ कि यदि भविष्य में कोई नई योजना आती है तो नई योजना के लिए कार्मिकों की आवश्यकता होगी। ऐसे में जीडीए में रिक्त पदों पर कार्मिकों की आवश्यकता के लिए प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट पीएमयू एजेंसी के चयन का प्रस्ताव जीडीए बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया।

### मधुबन बापूधाम के भवनों को बेचेगा जीडीए पहले आओ-पहले पाओ के आधा पर

करंट क्राइम। बैठक में ये भी तय हुआ कि जीडीए के कई योजनाओं के रिक्त भवनों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पूर्व के फ्रीज मूल्य पर ही विक्रय किया जायेगा। 31 मार्च 2025 तक उन्हें बेचा जाना है। इनमें मधुबन बापूधाम योजना पॉकेट सी, पॉकेट एफ, पॉकेट डी, पॉकेट एफ कोयल एन्क्लेव योजना, इन्द्रप्रस्थ योजना, चन्द्रशिला योजना, तथा मोदीनगर की संजय पुरी योजना के ईडब्लूएस भवन है।

# खोड़ा की दर्दनाक हादसे पर लिखा चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने सीएम को भावुक पत्र जताया दुख और कहा गरीब परिवार के आश्रितों को मिले सरकार से उचित मुआवजा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने खोड़ा की दर्दनाक घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने लापरवाही का शिकार हुए मां बेटा की मौत पर दुख जताया है और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। मोहिनी शर्मा ने मुख्यमंत्री को अपने पत्र में अवगत कराया है कि 31 जुलाई की रात को तेज बारिश आने के बाद दिल्ली यूपी की सीमा गाजीपुर में सड़क और खुले नाले का पानी एकसमान हो गया था।


फाइल फोटो

गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी के अम्बेडकर नगर में रहने वाले 24 वर्षीय तनुजा बिष्ट व प्रियांशु अपनी एक रिश्तेदार पिंकी के साथ दिल्ली में बुध बाजार से सामान लेने आये थे। इसी दौरान तेज बारिश होने लगी। जब ये तीनों लौटे तब सड़कों पर जलभराव हो गया। सड़क किनारे चलने के चक्कर में तनुजा अपने तीन वर्षीय बेटे प्रियाशुं के साथ नाले में गिर गई। पिंकी ने दोनों को बचाने का प्रयास किया वह भी नाले में गिर गई। राहगीरों ने जब 112 पर कॉल की तो यह कॉल गाजियाबाद कंट्रोल रूम पहुंची। खोड़ा पुलिस मौके पर आई और बचाव कार्य शुरू किया गया। गोताखोर बुलाये गये और लगभग 3 घंटे बाद दोनों के शव बरामद हुए। मोहिनी शर्मा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि यह दुखद हादसा है और तीन साल के बेटे को गोद में लेकर एक मां अचानक से 12 फीट गहरे नाले में जा गिरी। लेकिन उसने आखिरी सांस तक अपने जिगर के टुकडे का साथ नहीं छोड़ा, दम निकलने के बाद भी मां की गोद में बेटा लिपटा रहा। देर रात ये शव निकाले गये। मोहिनी शर्मा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस गरीब परिवार को मुआवजा दिया जाये।

### पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा रहते हैं हर दुख-दर्द में लोगों के साथ



करंट क्राइम। मोहिनी शर्मा खोडा नगर पालिका अध्यक्ष हैं और उनके पति अमरपाल शर्मा पूर्व विधायक हैं। अमरपाल शर्मा ने हाल ही में बागपत से लोकसभा चुनाव लड़ा है। अमरपाल शर्मा को यहां जननेता माना जाता है और उन्होंने एक तरह से खोड़ा नगर पालिका सीट पर अपनी पत्नी को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जिता कर अपना सियासी वजूद साबित किया है। इसकी सबसे बड़ी वजह इस घटना के बाद भी दिखाई दे रही है। अमरपाल शर्मा अपने क्षेत्र के लोगों के हर दुख दर्द में साथ रहते हैं। उनकी ये खूबी है कि वो कभी किसी को जाति या क्षेत्र के चश्मे से नहीं देखते हैं बल्कि वो मानवीय संवेदनाओं के साथ राजनीति करते हैं। अगर कोई मदद का पात्र है तो फिर उसकी मदद हो आउट आफ द वे जाकर करते हैं। ऐसे कई मामले हैं जब अमरपाल शर्मा मदद के लिए सामने आये हैं। यहां भी उनका मानवीय चेहरा सामने आया है। उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। क्षेत्र के लोगों के हर दुख में वो साथ रहते हैं और एक अच्छी जन राजनीति का परिचय देते हैं। एक गरीब परिवार को आर्थिक मदद दिलाने के लिए उनके प्रयास सराहनीय है।

# बैड टच का मुख्य आरोपी गिरफ्तार...नाबालिग निकला

## कानपुर में मौसी के घर छिपा था, 52 थानों की पुलिस, 5 आईपीएस कर रहे थे तलाश

लखनऊ। लखनऊ में बारिश के दौरान युवती से बैड टच का मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो गया। आरोपी नाबालिग है। वह 5 दिन से कानपुर में अपनी मौसी के घर छिपा था। उसकी तलाश 5 स्क्वॉड और लखनऊ के 52 थानों की पुलिस कर रही थी। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी घटना के बाद पुलिस एक्शन का पता चलते ही कानपुर भाग गया था। वह लगातार यहां के अपडेट्स दोस्तों से ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी की रिमांड मांगी, लेकिन नाबालिग होने से कोर्ट ने इनकार कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की उम्र 17 साल है। लखनऊ के इंदिरा नगर का रहने वाला है। पिता बढ़ई का काम करते हैं। वह हाईस्कूल तक पढ़ा है।



### अब तक 25 अरेस्ट

लखनऊ पुलिस अब तक 25 आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है। इनमें से 3 नाबालिग हैं। आरोपियों को धारा-151 के तहत जेल में भेजा है। 7 के खिलाफ 7-सीएलए एक्ट भी लगाया गया है।

### विधानसभा में उठा मुद्दा, योगी बोले- मेरे पास पूरी लिस्ट



सीएम योगी ने इस घटना का जिक्र विधानसभा में भी किया। वह गुस्से में नजर आए। कहा- मेरे पास पूरी लिस्ट आई है। पहला अपराधी- पवन यादव। दूसरा- मोहम्मद अरबाज। सपा का नाम लिए बिना कहा कि ये हैं आपके सद्भावना वाले लोग। हम इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे क्या? इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी। अब आप चिंता मत करो।

### मुख्य आरोपी तक पहुंची पुलिस

पुलिस सूत्रों ने बताया, मुख्य आरोपी की फोटो को लेकर लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पता चला कि इंदिरा नगर में उसका घर है। पुलिस ने इंदिरा नगर में अपने सोर्स एक्टिवेट किए। इसके बाद पुलिस उसके घर तक पहुंच गई। वहां पिता से पूछा गया तो पहले वह टालमटोल करने लगा। लेकिन, जब परिवार वालों के साथ सख्ती की गई, तो उन्होंने आरोपी की लोकेशन बता दी। इसके बाद पुलिस कानपुर पहुंची और मुख्य आरोपी को उसकी मौसी के घर से गिरफ्तार कर लिया।

### पानी फेंका, भीड़ के बीच बैड टच किया

वारदात के दौरान इसी नाबालिग लड़के ने पहले बाइक सवार युवती और उसके दोस्त पर हाथ से उछाल कर पानी फेंका। फिर भीड़ के बीच युवती को बैड टच किया। सामने आए वीडियो में दिख रहा है कि युवती को बैड टच करने के बाद वह भागने लगता है। इस दौरान एक मीडियाकर्मी छत से उसका वीडियो बनाने लगता है। यह देखकर लड़का भड़क जाता है और उसे ऐसा करने से मना करता है।



### पीड़िता के दोस्त ने कहा था- उसको जरूर पकड़ा जाए

पीड़िता के दोस्त ने कहा था- दोस्त के गिरने के बाद एक लड़के ने बैड टच किया, जो अभी तक पकड़ा नहीं गया। हम चाहते हैं कि उसे जरूर पकड़ा जाए। उसके खिलाफ सख्त एक्शन हो, क्योंकि ये सब वीडियो में दिख रहा है। उन्होंने ऐसा काम किया, जिसको बताया नहीं जा सकता।

# जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने की पांचवीं वर्षगांठ

## पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखी ये बात



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 के निरस्त होने के पांच साल पूरे हो गए हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को घाटी से आर्टिकल-370 हटाए जाने के पांच साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर खास बात लिखी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आज हम 5 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जब भारत की संसद ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने का फैसला लिया था, जो हमारे देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी। इसका मतलब था कि भारत के संविधान को उन जगहों पर अक्षरशः लागू किया गया, जो संविधान बनाने वाले महान पुरुषों और महिलाओं की दृष्टि के अनुरूप था।" उन्होंने आगे लिखा, "घाटी से 370 निरस्त किए जाने के साथ महिलाओं, युवाओं, पिछड़े, आदिवासी और हाशिए के समुदायों के लिए सुरक्षा, सम्मान और अवसर आए, जो विकास के लाभ से वंचित थे। साथ ही, इसने यह सुनिश्चित किया है कि दशकों से जम्मू-कश्मीर में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर रखा गया है। मैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हमारी सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी।" बता दें कि 5 अगस्त 2019 को घाटी से आर्टिकल 370 हटाई गई थी, जिससे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा और राज्य का दर्जा भी खत्म हो गया था।

## न्यूज डायरी

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य व उनकी पत्नी से नकदी व सोने के कुंडल लूटे

मोदीनगर (करंट क्राइम)। बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व उनकी पत्नी से नकदी व सोने के कुंड़ल लूट लिए। डीसीपी ग्रामीण ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। किदवई नगर निवासी संदीप जीनवाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य है। वह अपनी पत्नी प्रीति व दो बच्चों के साथ बाइक पर सवार हो गांव खिदौड़ा जा रहे थे। जब खिदौड़ा धौलड़ी रजवाहा पटरी मार्ग पर छत्ते के पुल के पास पहुंचे तो बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। इसके बाद बदमाशों ने संदीप जीनवाल की जेब से छह हजार रुपए व महिला प्रीति के सोने के कुंड़ल लूट लिए। लूट करने के बाद बदमाश बाइक की चाबी लेकर फरार हो गए। किसी तरह दंपति गांव खिदौड़ा में चल रहे भंड़ारे पर पहुंचे और इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने बदमाशों की तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं आए। पीड़ित ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। डीसीपी ग्रामीण व एसीपी मोदीनगर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। एसीपी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

मोदीनगर (करंट क्राइम)। दबंगों ने घर में घुसकर मां-बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोहन पार्क कॉलोनी निवासी मीना सिंह परिवार सहित रहती है। उन्होंने बताया कि गांव सीकरीकलां निवासी उज्जवल शर्मा जबरदस्ती घर के अंदर आ गया और मेरे पुत्र पुनीत पर डंडे से प्रहार कर सिर फोड़ दिया। जब उसे बचाने मीरा सिंह आई तो उनके साथ भी मारीपट की गई। युवक को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### कांवड़ देखने गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

मोदीनगर (करंट क्राइम)। एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट युवक की तलाश शुरू कर दी है। नगर की डबल स्टोरी कॉलोनी निवासी रेखा परिवार सहित रहती है। उन्होने बताया कि मेरा पुत्र कृष्णा मानसिक रुप से कमजोर है। गत 29 जुलाई को कांवड़ देखने के लिए गया, लेकिन वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने थाने में तहरीर देते हुये अनहोनी की आशंका व्रूक्त की है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

### महिला के साथ 10 साल तक दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला से दस साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला से पैसे भी ऐठ रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला का दस साल पहले एक शादी समारोह में जिला मेरठ के थाना खरखौदा के गांव लालपुर निवासी दीपक कुमार से हुई थी। इसके बाद युवक व महिला के बीच बातचीत होने लगी। युवक महिला के घर आने जाने लगा। इसी बीच युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म कर लिया और अश्लील वीडियो भी बना लिए। एक बार युवक ने महिला से तीस हजार रुपए उधार लिए। इसके बाद युवक महिला को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा और पैसे मांगने लगा। अब वह कई दिन से महिला से पैसे मांग रहा था। पैसे ना देने पर वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दे रहा था। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार गांव लालपुर थाना खरखौदा जिला मेरठ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### बच्चे के अपहर्ता को जेल भेजा

लोनी (करंट क्राइम)। शराब के नशे में धुत्त एक व्यक्ति 10 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर ले गया तथा उसे कमरे में बंद कर दिया। बच्चे की मां के शोर मचाने पर लोगों ने आरोपी का पीछा कर बच्चे को कमरे से मुक्त करा लिया। बच्चे के परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लोनी की वेदविहार कॉलोनी निवासी रानी कुमारी ने बताया कि वह कॉलोनी में ही किराने की दुकान चलाती है। 3 जुलाई की रात 10.30 बजे वह दुकान बंद करने में व्यस्त थी तथा उसका 10 वर्षीय बेटा आयुश दुकान के बाहर खडा था। इसी दौरान पास की कॉलोनी में रहने वाला मुकेश अग्रवाल उसके बेटे का अपहरण कर उसे घसीटता हुआ पास की गोल्डन गार्डन कॉलोनी में ले गया और एक कमरे में बंद कर दिया। रानी के शोर मचाने पर आस पास के लोग उसका पीछा करते हुए गोल्डन गार्डन तक पहुंच गए और उसे कमरे से छुडा लिया। रानी ने आरोपी के मुकेश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सरकारी जमीन में भूखंड बेच डाला

लोनी (करंट क्राइम)। प्रॉपर्टी डीलर ने दिल्ली के एक व्यक्ति को सरकारी जमीन में भूखंड बेचकर लाखों रुपए हड़प लिए। वह व्यक्ति जब मकान बनाने पहुंचा तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता लगा। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। बलजीत नगर दिल्ली निवासी अशोक ने बताया कि उसने सन 2014 में पाबीसादकपुर गांव के प्रॉपर्टी डीलर मैराजुददीन से लोनी के हकीकतपुर खुदा बांस गांव की खसरा नं0 265 में 100 वर्ग का भूखंड खरीदा था। आरोप है कि जब वह मकान का निर्माण कराने पहुंचा तो लोगों से जानकारी हुई कि उक्त भूखंड सरकारी भूमि में है। जिस पर नगर पालिका द्वारा टंकी बनाई जानी है। पीडित ने मैराजुददीन से पैसे वापस मांगे तो वह काफी दिनों तक झांसा देता रहा, लेकिन उसके बाद मैराजुददीन ने पैसे वापस देने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीडित ने आरोपी मैराजुददीन के विरुद्ध धोखाधडी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### उत्तराखंड के व्यक्ति को भूखंडों का झांसा देकर हड़पे लाखों रुपए

लोनी (करंट क्राइम)। अगरोला गांव के दो भाईयों ने उत्तराखंड के एक व्यक्ति को भूखंड बेचकर लाखों रुपए हड़प लिए। आरोप है कि अब दोनों भाईयों ने उक्त भूखंड को दूसरे गांव की सरकारी जमीन में बताकर जबरन कब्जा कर लिया है। पीडित ने आरोपियों के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में धोखाधडी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। उत्तराखंड के रूद्रपुर जनपद की माडल कॉलोनी के रहने वाले हुक्म सिंह ने बताया कि उन्होने कई वर्ष पूर्व लोनी के अगरोला गांव निवासी रविन्द्र, नरेन्द्र,प्रदीप तथा धनपाल से मंडोला ग्राम सभा के पंचलोक गांव में खसरा संख्या 2601 में 300 वर्ग गज का भूखंड अपने नाम खरीदा था। जबकि उसके साथ वाला 300 वर्ग गज का भूखंड भी उक्त लोगों ने सेवाराम से उसके नाम कराया था। हुक्मसिंह का कहना है कि उक्त लोगों ने उक्त दोनों भूखंडों की चारदीवारी तथा कमरा बनवाने के लिए भी दो लाख रुपए नगद लिए थे। हुक्मसिंह ने बताया कि वह अक्सर अपने भूखंडों को देखने के लिए आता रहता था। आरोप है अब उक्त लोगों ने उसके भूखंडों का कूटरचित तरीके से फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर लिया है और उसके भूखंडों को अगरोला गांव के खसरा न0 153 की सरकारी भूमि बताते हुए जबरन कब्जा कर लिया है। हुक्मसिंह का आरोप है रविन्द्र, नरेन्द्र, प्रदीप तथा धनपाल मुठमर्द, जालसाज तथा बदमाश किस्म के व्यक्ति है और इनका मुख्य कार्य कच्ची कॉलोनी काटकर लोगों से भूखंड के नाम पैसा हड़पना हैं। उक्त आरोपी लोगों से पैसे ऐंठकर भूखंड नही देते हैं। पीडित ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए गाजियाबाद पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने रविवार को आरोपियों के विरुद्ध धोखाधडी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मजदूर के परिजनों ने ट्रक मालिक और चालक पर हत्या का आरोप लगाया

लोनी (करंट क्राइम)। ट्रक पर काम करने वाले मजदूर के परिजनों ने ट्रक मालिक और चालक पर षडयंत्र के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर दोनों के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। लोनी की अली गार्डन कॉलोनी निवासी मेहरदीन का कहना है कि उसका पुत्र नरेन्द्र नेहरा के ईंटों के ट्रक पर मजदूरी करता था। आरोप है कि 12 अक्टूबर 2023 को ट्रक चालक एक भटठे से ईंटे भरकर लोनी में पुस्ता चौकी के पास लाया था। इसी दौरान चालक मुसर्रफ ने ट्रक को षड़यंत्र के तहत विद्युत लाइन के नीचे ट्रक खडा कर उसके पुत्र और उसके साथियों पर ट्रक पर चढ़कर ईंट उतारने का दबाव बनाया। जैसे ही उसका पुत्र ईंट उतारने के लिए ट्रक पर चढा विद्युत लाइन से टच हो गया और तेज करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मेहरदीन ने बताया कि पुलिस द्वारा सुनवाई ना किए जाने पर उसने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी। कोर्ट के आदेश पर शनिवार को ट्रॉनिका सिटी थाने में पुलिस ने ट्रक चालक और ट्रक मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### साइबर ठगों ने झांसा देकर बैंक खाते से उड़ाए 80 हजार

लोनी (करंट क्राइम)। साइबर ठगों ने एक युवक को ऑनलाइन किए गए आर्डर को कैंसिल करने का झांसा देकर उसके बैंक खाते का नम्बर पूछ लिया और उससे 80 हजार रुपए उड़ा लिए। पीड़ित ने लोनी बार्डर बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बार्डर थाने के बेहटाहाजीपुर गांव में रहने वाले विपिन कुमार धींगान ने बताया कि उसका खाता यूनियन बैंक की बुढाना मुजफ्फरनगर शाखा में है। आरोप है कि उसने अमॉजोन पर ऑन लाइन कुछ आर्डर किया था। एक जौलाई को उसके मोबाइल पर कॉल आई कि वह अमॉजोन से बोल रहे हैं, आपका जो आर्डर डिलवर करना था, वह उनके कर्मचारी से खो गया है। जिसके चलते वह उसके पैसे लौटा रहे हैं, कृपया अपना खाता नम्बर बता दें। जैसे ही उसने अपना खाता नम्बर बताया उसका मोबाइल हैक हो गया और तीन बार में उसके खाते से 80 हजार रुपए निकाल लिए गए। पीडित ने साइबर ठगों के खिलाफ लोनी बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# शासन की प्राथमिकता वो मेरी प्राथमिकता में शामिल: एसडीएम लवी त्रिपाठी

## शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार ही होगी भू-माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई:लवी त्रिपाठी

धौलाना(करंट क्राइम)। ग्रामीण व शहर क्षेत्र के गरीब बेसहराओ लोगो की अधिकतर समस्याएं तहसील और कलेक्ट्रेट से जुड़ी रहती हैं। जिसको लेकर समाज को जोड़ने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार तरह-तरह की योजना चलती रहती है।जिसपर नवनियुक्त उपजिलाधिकारी से हमारे संवाददाता आरिफ कस्सार से वार्ता की और उन्होंने कहा कार्यालय मे समस्याओ को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियो का समाधान कराने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और गरीब लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का उनके पास तक लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी अधिकारियो की होती है और सरकारी भूमि से कब्जा हटाना भी प्राथमिकता में है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को नवनियुक्त एसडीएम लवी त्रिपाठी ने पहले दिन धौलाना तहसील पहुंचते ही प्राईवेट कर्मचारी एंव दलालो मे हडकंप मच गया और कुर्सी पर बैठते ही समस्याओ को लेकर कार्यालय मे पहुंचे फरियादी की समस्याओ को गंभीरता से संज्ञान लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी को समाधान करने के लिए दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि शासन की प्राथमिकता वो मेरी प्राथमिकता में शामिल है और सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाना भी मेरी प्राथमिकता में है।

**सवाल सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का क्या प्रयास किया जायेगा**

उन्होने कहा कि सरकारी भूमि से कब्जा को लेकर सबसे पहले



लेखपालो की बैठक कर ली है और कब्जा करने वालो को चिंहित करने के लिए लेखपालो को दिशा निर्देश दिए गए है और सूची आने के बाद कब्जाधारियो के खिलाफ टीम गठित कर कार्यवाही करने के बाद पुलिस टीम के साथ अवैध कब्जा हटवा दिया जायेगा।

**धौलाना तहसील भ्रष्टाचार एंव फजीर्बाडा मे शासन मे बदनाम है उसपर क्या सुधार करने का प्रयास करेगी**

कहा कि अगर तहसील मे किसी भी अधिकारी एंव कर्मचारी की भ्रष्टाचार करने व फजीर्बाडा करने का मामला संज्ञान मे आया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी जायेगी और शासन मे बदनाम तहसील का सुधार करने के लिए प्रयास किया जायेगा।

**सवाल भू-माफियाओ के खिलाफ क्या कार्यवाही की जायेगी**

कहा कि सुना है कि तहसील क्षेत्र के गांवो की सरकारी भूमि पर भू-माफियाओ का राज है उसको तोडने के लिए शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के आधार पर ही भू-माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजकर कार्रवाई की जायेगी।

**सवाल केंद्र व प्रदेश सरकार की चल रही योजनाओ को कैसे मिलेगा पात्रो को लाभ**

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को अधिकारियो के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जायेगी। जिससे गरीब बेसहरा व पात्रो को योजना को लाभ मिल जायेगा।

**सवाल विद्युत विभाग पर अवैध बसूली का आएदिन आरोप लगते है उन क्या कार्रवाई की जायेगी**

विद्युत कनेक्शन समेत अन्य कार्यों मे अवैध बसूली करने की शिकायत मिलती है तो उसकी जांच पड़ताल कराई जायेगी और जांच मे दोषी पाये जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**सवाल तहसील के लेखपालो पर आए दिन भ्रष्टाचार के आरोप लगते है उस पर क्या एक्सन होगा**

उन्होने कहा अभी पदग्रहण किया है और ऐसा मामला संज्ञान मे नही आया है अगर भ्रष्टाचार की शिकायत मिलेगी तो उसे गंभीरता से लेकर जांच में दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर निलंबन समेत अन्य कार्यवाही की जायेगी।

**सवाल क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर कब लगेगी लगाम**

एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन होने की जानकारी नही है अगर क्षेत्र में अवैध खनन होता मिलेगा तो पुलिस व हल्का लेखपाल के खिलाफ जांच कर जिलाधिकारी व एसपी को रिपोर्ट भेजकर कार्यवाही कराई जायेगी।

# आचार्य बालकृष्ण महाराज का जन्मदिन धूमधाम से मना

मोदीनगर (करंट क्राइम)। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज का जन्मदिन रविवार को प्रातकालीन यहाँ गांव सीकरीकला स्थित पंतजलि वैलनेस सेंटर पर जड़ी-बूटी दिवस के रुप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।




योग उपरांत यज्ञ, हवन किया गया और लगभग 1500 औषधीय पौधो का वितरण किया गया। इस मौके पर मोदीनगर सेंटर के सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्य देव ने कहा कि घर में जड़ी, बूटियों व योग का आश्रय नहीं लेंगे तो बीमारियों का आश्रय आप स्वयं बनेंगे। पतंजलि प्रकृति, संस्कृति व विज्ञान की त्रिवेणी का उद्घोषक हैं। उन्होंने योग पर विशेष बल देते हुए योग के प्रति प्रोत्साहित किया। लघु उद्योग भारती के मंडल उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि 10 तालाब बनवाने के बराबर एक पेड़ लगाने से पुण्य मिलता है। पेड़ लगाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित भी किया। अधिवक्ता प्रमोद शर्मा, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष नवीन जासवाल ने कहा कि स्वामी आचार्य बालकृष्ण ने योग, आयुर्वेद को पुनः विश्व में स्थापित करने के लिए आन्दोलन की तरह कार्य किया। इस अवसर पर पप्पन शर्मा, प्रेमचन्द सैनी, संजीव यादव, पूर्व प्रधान सुरमेश शर्मा, प0 शिवदत्त शर्मा, ओमदत्त शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने इंदिरा कॉलोनी में लगवाया 10 एचपी का वाटर पंप

● अब समय से शुद्ध पानी की सप्लाई होगी : पार्षद

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने सोमवार को इंदिरा कॉलोनी में 10 एचपी के वाटर पंप का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अब समय से पानी की सप्लाई होगी। 10 एच पी एक वाटर पंप शुरू होने से क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के लोगों को कम पानी मिलने की समस्या का समाधान होने के साथ-साथ शुद्ध पानी मिलना निश्चित हो गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को कहा कि जहां क्षेत्र में नया वाटर पंप स्थापित होने से समस्या का समाधान हुआ है। वहीं जनता पानी की फिजूल खर्ची को रोककर पानी बचाने में अहम योगदान करे। इस अवसर पर चौधरी रामासरे,






पार्षद कविता भाटी, प्रवीण भाटी, अबुल हसन, दीपक गुप्ता, सुभाष दुर्गा, संजय यादव, सुशील शर्मा, किशन, सुनील, गोलू, विक्रम, आदि लोग मौजूद रहे। पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी ने कहा वार्ड को एक आदर्श बनाने के लिए आप सभी का सहयोग चाहिए, क्षेत्र की कोई भी समस्या को मुझे बताएं। मैं आप लोगों के पास आऊंगा समस्या के समाधान के लिए।

# उत्थान फाउंडेशन ने किया द्वितीय अंग्रेजी सीखो सेंटर का शुभारंभ

मोदीनगर (करंट क्राइम)। सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन ने निम्न आयवर्ग के परिवार के बच्चों को निःशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेज के द्वितीय केंद्र की शुरूआत गोविंदपुरी हनुमान चैक पर की हैं। संस्था के अध्यक्ष सीए राहुल जैन ने द्वितीय के शुभारम्भ के मौके पर कहा कि उत्थान द्वारा चलाई जा रही इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस, निम्न आयवर्ग परिवारों से आ रही छात्राओ को प्रोत्साहित करने में सक्षम हो रही है। सचिव डॉ0 सोनिका जैन ने कहा कि आर्थिक विकास के



लिए शहरी गरीबों के शैक्षिक स्तर को ऊपर उठाना आवश्यक ह, क्योंकि भारत में मलिन बस्तियो में रहने वालों में शिक्षा का स्तर बहुत कम है। इस लिए प्रथम केंद्र की सफलता के उपरान्त द्वितीय सेंटर शुरू किया जा रहा है। जिसका पहला केंद्र शिव मंदिर, विजय नगर, मोदीनगर के प्रांगण में विगत दो माह से चल रहा है। इस अवसर पर संस्था की प्रबंधन समिति सदस्या रितु अग्रवल के अलावा गजाला बारी, ज्योति, रितु कपूर, शिप्रा जैन आदि का विशेष योगदान है।

# डासना में बंदरों का आतंक, 20 वर्षीय युवती पर हमला, तीसरी मंजिल से गिरी

गाज़ियाबाद/डासना (करंट क्राइम)। नगर पंचायत डासना में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला वार्ड नंबर 2 मुर्गी फार्म के पास का है, जहां 20 वर्षीय महक, पुत्री असलम हकीम, अपने घर की तीसरी मंजिल पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे डर कर महक तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में महक की रीढ़ की हड्डी, कूल्हे और टांगों में फ्रैक्चर हो गया। उसे पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महक के पिता असलम हकीम उस समय घर पर नहीं थे, वे अपने काम पर बाहर गए हुए थे, और उनकी माँ बीमार थीं। डासना क्षेत्र में बंदरों का आतंक आए दिन देखने को मिलता है, लेकिन नगर पंचायत अधिकारी और वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे



हैं। बंदरों का झुंड कभी किसी घर में घुस जाता है और फ्रिज या रसोई में नुकसान पहुंचा जाता है। इस घटना के बाद नगर पंचायत डासना के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जल्द ही नगर पंचायत डासना एक मुहिम चलाएगी और बंदरों को पकड़कर जंगल में भेजने का काम करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस





समस्या को जल्द से जल्द हल किया जाएगा और इस पर संज्ञान लिया जाएगा। इस घटना ने स्थानीय निवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है और वे प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

मोदीनगर (करंट क्राइम)। दहेज में पांच लाख की नगदी व कार की मांग पूरी ना करने पर दहेजलोभी ससुराल पक्ष के पति समते पांच लोगों के खिलाफ विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवर पर छेडछाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का भी आरोप लगाया हैं। गाजियाबाद के सिहानी गेट थानान्तर्गत नूरनगर निवासी एक विवाहिता का विवाह यहाँ जगतपुरी निवासी सुमित उर्फ गोविदा से वर्ष 2019 में हुआ था। एक वर्ष बाद ही विवाहिता ने एक पुत्री को जन्म दिया, जिसे लेकर ससुराल पक्ष के लोगो ने विरोध किया ओर दहेज में पांच लाख नगद व कार की डिमांड की। आरोप है कि इस बीच आरोपी देवर गोपाल ने हाल ही में उसके साथ छेडछाड व दुष्कर्म का प्रयास किया। विवाहिता ने इस बावत पति सुमित, देवर गोपाल, सास राधा, ताऊ पवन सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# हत्या, खुलासे और कांवड़ियों के हंगामे के नाम रहा बीता सप्ताह

## लगातार हुए डीसीपी के भी तबादले, सांप के काटने से हुई दो की मौत और पांच पुलिसकर्मी भी हुए सस्पेंड

करंट क्राइम साप्ताहिक रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीता सप्ताह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वैसे तो कांवड़ यात्रा के नाम रहा लेकिन इस दौरान कांवड़ यात्रा में कई स्थानों पर कांवड़ियों ने हंगामा भी किया। तो पुलिस को भी पीटने का आरोप लगा। इसी दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आईपीएस अधिकारी विवेक चंद यादव का यहां से तबादला हुआ और मोदीनगर में राजकुमार जाटव हत्याकांड ने सनसनीखेज मामले भी सामने आए। इसी के साथ शालीमार गार्डन पुलिस ने लुटेरों के सरगना को एनकाउंटर में दबोचने का काम किया। तो लोनी और टीलामोड़ थानाक्षेत्र में सांप के काटने से दो अलग-अलग छात्रों की मौत भी हुई। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में कांवड़ यात्रा ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामले को लेकर पांच पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई। सभी को अधिकारियों ने दोषी मानते हुए संस्पेड़ करने का एक्शन लिया। वहीं कौशांबी पुलिस ने खुद को आईएएस अधिकारी बताकर दुकानों और मॉल में रौब जमाने वाली फर्जी महिला अधिकारी को भी गिरफ्तार करने का काम किया। कुल मिलाकर कांवड़ यात्रा की वजह से पूरा सप्ताह रूट डायवर्जन और पुलिस की एक्टिव ड्यूटी के रूप में देखा गया।

### कौशांबी पुलिस ने दबोची फर्जी महिला आईएएस अधिकारी



करंट क्राइम : 27 जुलाई को कौशांबी थानाक्षेत्र ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत पुलिस ने एक सूचना के बाद एक फर्जी महिला आईएएस अधिकारी और उसके साथियों को दबोचने का काम किया। महिला से एक लग्जरी गाड़ी और उसपर नीली बत्ती लगे लोगो भी बरामद किए गए। इसके साथ ही आरोप है कि महिला अपना रौब जमाने के लिए दिल्ली और आसपास के मॉल ,होटल और फार्म हाउस पर पहुंचती थी और लोगों को ब्लैकमेल कर उनसे उगाही का काम किया करती थी। इस मामले में ट्रांस हिंडन जोन की कौशांबी पुलिस ने एक्शन लेते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके सहयोगियों को भी जेल भेजने का काम किया।

### कांवड़ ड्यूटी में लापरवाही पर पांच पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में एक बुलैरो गाड़ी जो की कांवड़ मार्ग लेने में घुस गई थी, इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेकर कार्रवाई करते हुए दो उप निरीक्षक, एक ट्रैफिक सिपाही और दो हेड कांस्टेबल पर आलाधिकारियों द्वारा सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई थी। दरअसल कांवड़ यात्रा मार्ग पर किसी भी वाहन को आने की अनुमति नहीं थी। जिसमें पुलिस की पहली ही लापरवाही मानते हुए एक्शन लिया गया था।

### मोदीनगर में राजकुमार जाटव हत्याकांड से फैली थी सनसनी



करंट क्राइम : मोदीनगर थानाक्षेत्र में राजकुमार जाटव और उनके पुत्र पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोली चलाई थीं। इस दौरान राजकुमार जाटव की मौत हो गई जबकि बेटे को कई दिनों के उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिली। पुलिस ने इस मामले में अगले दिन कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था पूरा विवाद कहासुनी को जोड़कर बताया गया है। वहीं इसी हत्याकांड़ के विरोध में इस मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर ने संसद में आवाज उठाई थी। उन्होंने काफी देर तक यहां के हत्याकांड की तख्ती लेकर संसद में प्रदर्शन भी किया था।

### आईपीएस अधिकारी विवेक चंद यादव का हुआ था तबादला

करंट क्राइम : बीता सप्ताह डीसीपी ग्रामीण जोन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण रहा। 27 तारीख की देर रात आईपीएस अधिकारी विवेक चंद यादव का गाजियाबाद से लखनऊ तबादला हो गया था, उनके स्थान पर वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी बनाए गए हैं। वहीं विवेक चंद यादव को लखनऊ के बाद अब प्रयागराज भेजा गया है।

### एक सप्ताह में दो बच्चों की सांप के काटने से हुई मौत





**करंट क्राइम :** बीते सप्ताह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लोनी थानाक्षेत्र में आठ साल के बच्चे को सांप ने काट लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। तो वहीं शुक्रवार को टीलामोड़ थानाक्षेत्र में रहने वाले एक 12 वर्षीय छात्र की भी कोबरा सांप के काटने से मौत हो गई। ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में बीते सप्ताह सांप के काटने से दो स्कूली छात्रों की मौत मामला सामने आना भी बेहद गंभीर रहा।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद की ओथ को लेकर फंसा हुआ है पेंच

## 20 जुलाई को जारी किए गए थे चुनाव परिणाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव में सचिव पद की खींचतान को लेकर जारी देरी का असर अब ओथ सेरेमनी पर भी पड़ रहा है। गाजियाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव हुए लगभग 15 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कब होगा यह तय नहीं हो पाया है।

वहीं अधिवक्ताओं के सूत्र बता रहे हैं कि भले सचिव के रूप में अमित नेहरा को आधिकारिक मंजूरी मिल गई हो लेकिन सचिव पद पर चुनाव लड़ने वाले हरेंद्र गौतम लगातार इस मामले को लेकर अलग-अलग जगह शिकायत और अपनी लड़ाई आगे भी लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहीं वजह है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद ओथ प्रोग्राम तय नहीं हो पाया है।



### पूर्व अध्यक्ष राकेश कैली ने शुरू की थी ओथ की दोबारा से शुरूआत

**करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पुराने सदस्य बताते हैं कि पूर्व बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष राकेश कैली ने ही बार एसोसिएशन का चुनाव होने के बाद ओथ सेरेमनी की दोबारा से शुरूआत की थी। बीते कुछ सालों से ओथ सेरेमनी की परंपरा खत्म हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अब बार एसोसिएशन गाजियाबाद का ओथ सेरेमनी का कार्यक्रम 15 अगस्त के बाद ही फाइनल किया जाएगा।

# भाजपा लेकर आ रही है हर घर तिरंगा अभियान

## युवा मोर्चा से लेकर सांसद-विधायक सभी को देना है अपना-अपना योगदान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा एक बार फिर हर घर तिरंगा अभियान लेकर आ रही है। 15 अगस्त से पहले ही ये अभियान शुरू हो जायेगा। 11, 12 व 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा का आयोजन युवा मोर्चा के नेतृत्व में होगा। जिसमें सम्पूर्ण पार्टी को लगना है। 12 से 14 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ता महापुरूषों की प्रतिमा और स्मारकों के आस पास स्वच्छता का कार्यक्रम करें।



13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ता महापुरूषों और भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं और स्मारकों पर माल्यापर्ण करेंगे। वहीं 13, 14 व 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता जन जन से सम्पर्क करके प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर हर घर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इन कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित कर उनसे ध्वजारोहण कराना है ताकि वो राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत प्रोत रहें। 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर सभी जिला केन्द्रों पर संगोष्ठी करते हुए विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। इस अवसर पर सभी बड़े महानगरों में एक प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी और संगोष्ठी समापन के पश्चात सभी कार्यकर्ता मौन जुलुस निकालते हुए कार्यक्रम का समापन करेंगे।

### आज से शुरू हो जायेगी अभियान को लेकर भाजपा की तैयारी

**करंट क्राइम।** 5 अगस्त को लखनऊ में प्रदेश कार्यशाला आयोजित हुई और आज से क्षेत्र और जिला स्तर पर अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो जायेगी। कार्यक्रमों से सम्बन्धित समितियों का गठन होगा। आज कल और परसों यानी 6, 7 और 8 अगस्त को जिलों में तैयारी बैठक होगी। 9 व 10 अगस्त को मंडलों की बैठक आयोजित होगी। सभी शक्ति केन्द्र एवं सभी बूथों पर कार्यक्रम की सम्पूर्ण योजना रचना बनाकर स्वतंत्रता के उत्सव में अपने सभी कार्यकर्ताओं को जनता के साथ में जोड़ना है। सभी शक्ति केन्द्र और बूथों पर राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध रहेंगे।

# जीडीए अध्यक्ष को लिखा पत्र और कहा नामांतरण प्रक्रिया में रोका जाये परीक्षण वाला नियम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल समय-समय पर मुद्दे उठाते हैं। उनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि वो सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हैं और अपनी सरकार को सचेत करते हैं। वो विकास की बारिकियों को जानते हैं और वो जानते हैं कि किस कानून से सरकार को लाभ कम और जनता को नुकसान ज्यादा हो रहा है। जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने नामांतरण कार्यवाही में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने जीडीए अध्यक्ष और मेरठ मंडल आयुक्त को पत्र लिखा।

उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की अपनी आवासीय योजनाओं के भूखण्डों के नामांतरण प्रक्रिया में अनावश्यक रूप से स्थल पर विद्यमान निर्माण का परीक्षण कराया जाना सम्मिलित है।




जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने कहा है कि परीक्षण रिपोर्ट लगाने की एवज में भवन और भूखण्ड स्वामियों से प्राधिकरण के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मोटी रकम मांगी जाती है और पैसा ना देने पर गलत रिपोर्ट दे दी जाती है। जिससे नामांतरण की प्रक्रिया रूक जाती है। पवन गोयल ने अपने पत्र में कहा है कि भवन भूखण्ड का



नामांतरण किया जाना तथा स्थल पर अनाधिकृत निर्माण होना दो अलग अलग बाते हैं। अधिकारियों कर्मचारियों का कार्य किसी भी अनाधिकृत विकास को समय पर रोकना है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उनकी बनती है। जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने जीडीए अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि यदि निर्माण होने के बाद आवेदक द्वारा अपने पुत्र को भूखण्ड का आधा भाग दिया जाता है तो पुत्र के नाम से म्यूटेशन के समय अनाधिकृत निर्माण का परीक्षण किया जाना न्यायसंगत नहीं है।


अनाधिकृत निर्माण के सापेक्ष कार्यवाही करने हेतु अधिकारी कर्मचारी सदैव ही स्वतंत्र होते हैं। नामांतरण प्रक्रि या को अवैध निर्माण के कारण रोकना नैसर्गिग न्याय के विरूद्ध है। इस प्रकिया में कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को समाप्त कर नामांतरण प्रक्रिया को पृथक रखने की आवश्यकता है।

# 16 टू-स्टार भेजे गए अलग-अलग जोन

## पांच को मिला सिटी , पांच को ट्रांस हिंडन और 6 को ग्रामीण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सोमवार को पुलिस लाइन से 16 उप निरीक्षकों को अलग-अलग जोन में नई तैनाती दी गई है। जिसके अंतर्गत 10 उप निरीक्षक सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में भेजे गए हैं और 6 देहात जोन के लिए भेजे गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साहब सिंह, रविंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, सोमेश कुमार, सतीश चंद्र को नगर जोन में भेजा गया है। तो वहीं भीकम सिंह, नेत्रपाल सिंह, हर्षमणि तिवारी, वीरेंद्र कुमार पाठक और राजीव कुमार को ट्रांस हिंडन जोन के आदेश हुए हैं। वहीं अमित कुमार शर्मा, संजय कुमार, शैलेंद्र प्रताप, प्रदीप कुमार, अमरदीप शर्मा और राजेश कुमार को ग्रामीण जोन में भेजा गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही कुछ और फेस भेजे जाएंगे।



### जल्द बदलेंगे दो जोन में टू-स्टार

**करंट क्राइम ।** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सिटी और देहात जोन को लेकर कुछ चौकियों पर बदलाव वाली सूचना मिल सकती है। वहीं सुनने में आ रहा है कि दो जोन के साहब लोग कुछ फेस भी सर्च कर रहे हैं ताकि उपयुक्त स्थानों पर उनको पोस्ट किया जा सके। वैसे कांवड़ यात्रा खत्म होने के बाद देखा जाता है कि क्राइम के ग्राफ में बदलाव होता है। चर्चा है कि आने वाले दिनों में कई अन्य फैसले भी लिए जाने हैं।

## कैलाश मानसरोवर भवन की दुर्दशा पर बोले क्षेत्र के लोग

# खुले सरकारी अस्पताल या डिस्पेंसरी जिससे मिले लोगो को ईलाज

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कैलाश मानसरोवर भवन की दुर्दशा को लेकर लगातार दैनिक करंट क्राइम आवाज उठाने का काम कर रहा है। लगातार जनप्रतिनिधियों से लेकर नदियापार के लोगों की राय इस विषय पर निकल कर आ रही है। कोई इसके निर्माण व उपयोग पर सवाल उठा रहा है, तो कोई इसका प्लान बदलने की बात कर रहा है। बता दें कि लगभग 9000 स्कवायर मीटर में फैला हुआ है, इसमें कुल 94 कमरे हैं। इसके साथ 280 लोग मानसरोवर भवन में बने कमरों का इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां लाइब्रेरी, योगा रूम, ध्यान केंद्र, 180 की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, किचन, भजनालय, कैंटीन, जैसी सभी सुविधाएं हैं। यहां



लोगों की सुविधा के लिए 4 लिफ्ट भी लगी हुई हैं, उसकी उपयोगिता नजर नहीं आ रही है। यहीं वजह है, कि इसको संचालित करने वाली संस्था से लेकर सामाजिक व राजनैतिक स्तर पर आवाज उठ रही है, कि इसका अन्य कार्यों के लिए भी प्रयोग होना चाहिए। अब यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि जो पत्थर मानसरोवर भवन की सुंदरता में चार चांद लगाते थे, आज वही उखड़ने लगे हैं। लोगों की सुविधा के लिए लगे यहां के सेंट्रलाइज्ड एसी, लिफ्ट, फ्रिज, टीवी, पंखे सब खराब कमरें धूल फांक रहे है। वहीं पर्यटन विभाग ने पिछले साल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से मानसरोवर भवन का हैंडओवर किया गया है।

### एजुकेशन हब बनाना चाहिए, युवाओं को मिलेगा लाभः परविंदर यादव



**करंट क्राइम :** नीति खंड-3 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परविंदर यादव ने बताया कि कैलाश मानसरोवर भवन की बिल्डिंग बंद रहने से बदहाल हो हो रही है। इस बिल्डिंग को जनता के लिए अस्पताल या डिस्पेंसरी सरकार को खोल देनी चाहिए, कैलाश मानसरोवर भवन में अभी तक लगता है, कि एक भी यात्री नहीं रुक है। करोड़ रूपों से बनी यह बिल्डिंग 3 वर्षों से अधिक बंद पड़ी है, यदि इसकी जगह सरकार फ्लैट बनती तो अब तक बिक चुके होते। सरकार मैं जनता के पैसे का ठीक इस्तेमाल नहीं किया, इसमें कोचिंग सेंटर या एजुकेशन हब बनाना चाहिए जिससे युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिले।

### जनता का पैसा हो रहा बर्बादः जितेंद्र त्यागी



करंट क्राइम : भाजपा नेता जितेंद्र त्यागी ने कहा कि इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर भवन इतनी बड़ी बिल्डिंग है, कि उसमें एक साथ कई आयोजन किया जा सकते हैं। लेकिन बंद होने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अधिकतर खराब हो चुके हैं, बंद रहने के कारण बिजली का बिल भी सरकार को ही देना पड़ रहा है। सरकार को चाहिए कि इसमें अस्पताल खोल दिया जाए, जिससे इंदिरापुरम की जनता को इसका लाभ मिले।

### उपयोग में न होने से खराब हो रहे उपकरणः अजय शुक्ला



**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि इतनी महत्वपूर्ण जगह होने के बाद भी कैलाश मानसरोवर भवन जनता के उपयोग में नहीं आ रहा है। सरकार को इसके रखरखाव के लिए किसी संस्था को देखकर आम जनता के इस्तेमाल में काम आना चाहिए, उन्होंने कहा कि इंदिरापुरम की जनता के लिए कैलाश मानसरोवर भवन जल्द से जल्द खोला जाए और जो पैसा जनता से आए उसे मेंटेनेंस पर खर्च किया जाए।

### करोड़ों के बजट से बनी बिल्डिंग हो रही बदहालः हेमंत बाजपेई



**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम निवासी हेमंत बाजपेई ने बताया कि करोड़ों रुपए की लागत से बनी कैलाश मानसरोवर भवन की बिल्डिंग उपयोग में ना आने के कारण बदहाल हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसमें किसी को नियुक्त करके आम जनता के लिए खोल दिया जाए, और जो पैसा आए उसे मेंटेनेंस पर खर्च कर बिल्डिंग का रखरखाव हो सकता है। उन्होंने कहा यदि बिल्डिंग खुल जाएगी तो यह सरकार के लिए एक अच्छा कदम होगा आम जनता में सरकार के लिए एक विश्वास होगा, कि सरकार जनता के लिए कुछ सोचती है।

## संपादकीय

# ईरान-इस्राइल आमने-सामने

ईरान, हमास और हिजबुल्ला की इस्राइल से बदला लेने की घोषणाओं के बीच मध्य पूर्व टकराव के एक नए दौर के मुहाने पर खड़ा दिख रहा है। पहले हिजबुल्ला के मिलिटरी चीफ फुआद शुकर का लेबनान के बेरूत में इस्राइली कार्रवाई में मारा जाना और फिर हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया की तेहरान में हुई हत्या– इन दोनों घटनाओं ने अचानक इस क्षेत्र का तापमान काफी बढ़ा दिया है।

आलम यह है कि कल तक शांति की जरूरत बता रही और इस दिशा में कोशिश कर रही शक्तियां भी फिलहाल संघर्ष के और तेज होने की आशंका के आगे लाचार दिख रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस जैसे तमाम देश अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने की अपील कर रहे हैं। भारत ने भी अपने नागरिकों को लेबनान से दूर रहने और जो पहले से वहां हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकलने को कहा है। इस्राइल में रह रहे भारतीयों से भी सतर्क रहने और प्रोटोकॉल्स का पालन करने को कहा गया है।

ईरान की ओर से बार–बार कहा जा रहा है कि उसे जवाब देने का पूरा अधिकार है और वह इस अधिकार का इस्तेमाल निश्चित रूप से करेगा। दूसरी ओर इस्राइल भी हमले की आशंकाओं को लगभग स्वीकार करते हुए इसका सामना करने की तैयारियों में लग गया है। वहां नागरिकों को बताया जा रहा है कि हमला होने की स्थिति में किन–किन स्थानों को बम शेल्टर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही बन जाता है कि ईरान और उसके प्रॉक्सी संगठनों की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई कितनी गंभीर होगी और इसके किस तरह के नतीजे सामने आएंगे। याद किया जा सकता है कि इसी साल अप्रैल में भी ईरान ने इस्राइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी। तब सीरिया के दमिश्क में इस्राइली कॉन्सुलेट पर हुई बमबारी का बदला लेने के लिए उसने इस्राइल पर 170 ड्रोन, 30 क्रूज मिसाइलें और 110 बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़ी थीं। लेकिन इस कार्रवाई के बाद मामले को और बिगड़ने से बचा लिया गया था। क्या इस बार भी बात दोनों तरफ की सीमित और सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रहेगी?

**युद्ध को टाला जाए** : सभी पक्षों के मूड को देखते हुए फिलहाल इस उम्मीद में ज्यादा दम नजर नहीं आता, लेकिन यह बात भी सही है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे युद्धों के प्रत्यक्ष और परोक्ष नतीजों से जूझती दुनिया ईरान–इस्राइल के बीच एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है। इसका भी कोई भरोसा नहीं है कि अगर ऐसा कोई युद्ध हुआ तो वह दूर तक नहीं फैल जाएगा। ऐसे में जरूरी है कि कूटनीति के सभी संभव दांव आजमाते हुए इस तनाव को यथासंभव कम नुकसान की कीमत पर निकल जाने दिया जाए।

# भारत के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स टॉप 3 में पहुंचा

## पीएम मोदी ने जताई खुशी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि युवा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की शक्ति है। पीएम मोदी की ओर से यह बयान ऐसे समय में दिया गया है, जब अप्रैल-जून तिमाही में भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात टॉप 10 में तीसरे स्थान पर रहा। वाणिज्य विभाग की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, पेट्रोलियम के बाद भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात तीसरे स्थान पर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के लिए खुशी का क्षण है। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत की शक्ति युवा है। यह प्रमाण है कि हमारे सुधारों के कारण 'मेक इन इंडिया' को बूस्ट मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत आगे इस गति को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी एंड आईएंडबी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात घटक है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में बड़ा हिस्सा एप्पल आईफोन निर्यात से आता है। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी कारण आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी का असर है कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर हो गया है। वित्त वर्ष 24 में भारत में एप्पल की बिक्री 33 प्रतिशत बढ़कर 8 अरब डॉलर हो गई है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि आईफोन की शिपमेंट में इस वर्ष 20 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। एप्पल एक काफी मजबूत ब्रांड है और देश में अपना वितरण नेटवर्क भी मजबूत कर रहा है, जिससे इसे और तेजी से बढ़ने में मदद मिलेगी।

# अमेरिका में मंदी की आशंका से वैश्विक बाजार धराशाई, 10 प्रतिशत तक फिसले

**मुंबई।** अमेरिका में मंदी की आहट से वैश्विक बाजारों में सोमवार को 10 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट देखने को मिली। एशिया के ज्यादातर बाजारों में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है। जापान के शेयर बाजार में गिरावट का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। बेंचमार्क निक्केई 10 प्रतिशत फिसल गया है। सोल के बाजार 8 प्रतिशत, ताइपे 4.5 प्रतिशत, जकार्ता 2 प्रतिशत, हांगकांग 1.43 प्रतिशत और शंघाई के बाजार में करीब एक प्रतिशत की गिरावट है। दक्षिण कोरियाई न्यू एजेंसी योनहाप ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गिरावट के साथ स्थानीय शेयर बाजार के बेंचमार्क केओएसपीआई 200 में पांच मिनट के लिए कारोबार रोक दिया गया। दुनिया के सबसे बड़े शेयर बाजार अमेरिका में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। पिछले हफ्ते शुक्रवार को डाओ 1.51 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ था, यह लगातार दूसरा दिन था, जब डाओ में गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी में गिरावट का कारण निराशाजनक जॉब डेटा का आना है, जिसने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का संकेत दिया है। वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर भारतीय शेयर बाजार में भी सोमवार को देखने को मिला। दोपहर 12 बजे सेंसेक्स 2,331 अंक या 2.88 प्रतिशत गिरकर 78,650 और निफ्टी 682 अंक या 2.76 प्रतिशत फिसलकर 24,035 पर था।

# अमेरिका में किआ के इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ी मांग, जनवरी-जुलाई की अवधि में बिक्री दोगुना

**सोल।** दक्षिण कोरिया की कार निमार्ता कंपनी किआ की इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ है। जानकारी के अनुसार, अमेरिका में पिछले साल की तुलना में इस बार जनवरी से जुलाई के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दोगुनी हो गई है। सोमवार को जारी हुए आंकड़ों से पता चला है कि कंपनी की ईवी9 एसयूवी मॉडल की मजबूत मांग के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के आंकड़ों के हवाले से बताया कि वर्ष 2024 के पहले सात महीनों के दौरान अमेरिका में किआ ईवी की बिक्री कुल 33,957 यूनिट दर्ज की गई। जो पिछले साल 16,941 यूनिट थी। अमेरिका में किआ ईवी बिक्री में आए इजाफे ने उद्योग जगत को काफी चौंकाया है। सात महीने की अवधि के दौरान अमेरिकी में ओवरऑल सेग्मेंट ग्रोथ को देखा जाए तो उसमें केवल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसका आंकड़ा 638,716 से 644,752 यूनिटों तक पहुंचा। उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि अमेरिकी बाजार में किआ के इलेक्ट्रिक वाहनों की वृद्धि के पीछे ईवी9 एसयूवी मॉडल की बढ़ती मांग एक प्रमुख वजह है। जनवरी से जुलाई तक देश में ईवी9 की 11,486 यूनिट बिकी थीं, जो किआ की कुल ईवी बिक्री का 34 प्रतिशत है।

# शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 2,222 अंक लुढ़का, निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपए डूबे



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र काफी नुकसान वाला रहा। अमेरिका में मंदी की आहट के चलते वैश्विक बाजारों के साथ भारतीय बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 2,222 अंक या 2.74 प्रतिशत गिरकर 78,759 और निफ्टी 662 अंक या 2.68 प्रतिशत गिरकर 24,055 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मार्केट कैप कम होकर 441 लाख करोड़ रुपए रह गया, जो कि पिछले कारोबारी सत्र में 457 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को 16 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। छोटे और मझोले शेयरों में गिरावट का सबसे ज्यादा असर देखा गया। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 858 अंक या 4.57 प्रतिशत गिरकर 17,942 पर था और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2,056 अंक या 3.55 प्रतिशत गिरकर 55,857 पर बंद हुआ। सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। सबसे ज्यादा गिरावट पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, ऑटो और आईटी इंडेक्स में थी। सेंसेक्स में 30 में से 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एसबीआई, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एलएंडटी और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। एचयूएल और नेस्ले ही केवल हरे निशान में बंद हुए हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका में मंदी की आहट और खराब जॉब डेटा एवं जापानी येन के बढ़ने के कारण बाजारों में अस्थिरता का माहौल है। इस कारण से भारतीय बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई है। हालांकि, निफ्टी 24,000 के करीब आकर बंद हुआ है। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च हेड संतोष मीणा का कहना है कि वैश्विक बाजारों से लगातार आ रही खराब खबरों के कारण गिरावट देखने को मिली है। जापान की ओर से ब्याज दरें बढ़ा दी गई है और जिसके कारण दुनियाभर में लगा जापान का पैसा वापस वहां की अर्थव्यवस्था में जाने की उम्मीद है। वहीं, अमेरिका में भी जॉब डेटा खराब आया, जिसके कारण बाजार में बिकवाली देखने को मिल रही है।

# एलआईसी ने पहली तिमाही में खरीदे 17 हजार करोड़ रुपये के शेयर




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 17 हजार करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एलआईसी घरेलू शेयर बाजार में सबसे बड़ा संस्थागत निवेशक है। उसने यह खरीदारी ऐसे समय पर की जब शेयर बाजार में तेजी माहौल था और बड़ी संख्या में खुदरा निवेशक और घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार में निवेश कर रहे थे। अप्रैल-जून की अवधि में म्यूचुअल फंडों ने 1.1 लाख करोड़ रुपये, बीमा कंपनियों ने 5,035 करोड़ रुपये और बैंकों ने 628 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। खुदरा निवेशकों ने 39,278 करोड़ रुपये की खरीदारी की है। हालांकि, विदेशी निवेशकों ने तिमाही के दौरान 8,495 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। इससे पहले एलआईसी ने जनवरी-मार्च तिमाही में 44,500 करोड़ रुपये और अक्टूबर-दिसंबर (2023) तिमाही में 6,260 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। जानकारी के अनुसार, एलआईसी की ओर से जून तिमाही में अपने पोर्टफोलियो में 11 नये शेयरों को शामिल किया और पहले से मौजूद 89 शेयरों में हिस्सेदारी बढ़ाई। जून तिमाही के आखिर में एलआईसी के पोर्टफोलियो में 321 शेयर थे। संयुक्त रूप से इनकी वैल्यू 15.71 लाख करोड़ रुपये थी। मार्च तिमाही के आखिर में एलआईसी के पोर्टफोलियो में 333 कंपनियां थीं, जिनकी वैल्यू करीब 14.29 लाख करोड़ रुपये थी। आंकड़ों के मुताबिक, एलआईसी ने इन्फोसिस, एलटीआई मांइडट्री, एल एंड टी, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और ऑयल इंडिया जैसे शेयरों में हिस्सेदारी बढ़ाई है।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला है। इस समय आप जो भी कहें, बहुत सोच–समझकर कहें। कार्यस्थल पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

**वृष :** आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, आज उन्हें अपने किसी काम के लिए वेतनवृद्धि मिल सकती है।

**मिथुन :** आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी और बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों के दबाव और घर में दरार के कारण तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क :** यह अवधि मिश्रित प्रभाव देती है। आपको नए अवसर प्राप्त होंगे और उनका लाभ उठाएं। आज व्यापार और वित्तीय लाभ संभव है।

**सिंह :** आज व्यवसायी काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं. महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

**कन्या :** आज का दिन बहुत ही आसान रहेगा। चिंता मत करो। सहकर्मियों के सहयोग से विभिन्न कार्य पूरे होंगे, व्यक्तिगत परिचितों से लाभ होगा।

**तुला :** आज आपको कई लाभ मिल सकते हैं लेकिन अगर आप पैसे कमाने के आसान तरीकों की तलाश में हैं, तो आप केवल बुरे बदलावों को आमंत्रित कर रहे हैं।

**वृश्चिक :** जीवन में किसी तरह के बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। साथ में काम करने वाले लोगों से भी इस बारे में बात करेंगे। हर कोई आपके लिए मददगार साबित होगा।

**धनु :** आज आपकी छोटी सी गलती के कारण हाथ में अवसर निकल सकते हैं। लव लाइफ के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है।

**मकर :** नौकरीपेशा लोगों को सलाह दी जाती है कि वे थोड़ा समय बिताएं। कुछ जातकों द्वारा नया वाहन खरीदा जा सकता है। परिवार के साथ अधिक समय बिताना शुभ रहेगा।

**कुंभ :** आपकी पर्सनैलिटी से चारों तरफ महक उठेगी। आपको कोई बड़ी प्रसिद्धि मिल सकती है। परिवार में कोई जरूरी काम पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन :** आज आपको व्यापार में लाभ होगा। आपका विचार किसी एक चीज पर स्थिर नहीं रहेगा और वह लगातार बदलता रहेगा। स्वभाव में उदासीनता रहेगी।

## चुटकुले

मेरे एक पड़ोसी है, जिनका नाम है भगवान
और उनकी लड़की का नाम है भक्ति,
मम्मी बोलती है कि,
बेटा भगवान की भक्ति में मन लगाया कर
अब मम्मी को कैसे समझाऊ की
भक्ति में तो मन लगाता हूँ, पर
भगवान नहीं मान रहे।

---

आदित्य अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया,
लड़की का पिता : मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी
अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
आदित्य : बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले
जाने आया हूँ.
दे जूते.. दे चप्पल !

---

इस मतलबी दुनिया में,
एक पान वाला ही है,
जो पूछ कर चुना लगाता है !

## रोचक तथ्यों का करंट

- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का भोजन करने वाले शेरों ने साल 1898 में केन्या में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।
- अफ्रीकी शेर बड़े जानवरों को खाते हैं जो की घास के मैदानों में पाए जाते हैं, जिनमें हिरन, जेबरा और अजीब तरह के प्राणी शामिल है।
- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची

## मनिका ने बिखेरी चमक, रोमानिया को दी मात



**पेरिस।** श्रीजा अकुला, अर्चना कामथ और मनिका बत्रा की महिला टेबल टेनिस टीम ने रोमानिया को हराकर महिला टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह पहली बार है जब भारत इस स्पर्धा में चुनौती पेश कर रहा है और श्रीजा, अर्चना तथा मनिका की टीम ने कमाल दिखाते हुए रोमानिया को हराया। विश्व में 11 नंबर की टीम भारत ने इस रोमांचक मुकाबले में चौथी नंबर की टीम रोमानिया को 3-2 से मात दी।

### श्रीजा और अर्चना ने दिलाई बढ़त

इस मैच में सबसे पहले श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ की जोड़ी युगल मुकाबले में उतरीं। इस भारतीय जोड़ी ने रोमानिया की एडिना और समारा की जोड़ी को शुरूआती मैच में 3-0 से हराकर बढ़त बना ली थी। इस भारतीय जोड़ी ने एडिना और समारा को 11-9, 12-10, 11-7 के अंतर से हराया। इसके बाद अगले मुकाबले में मनिका उतरीं। यह एक मैच था और उन्होंने बनार्डट को आसानी से 3-0 से हराया। मनिका ने बनार्डट को 11-5, 11-7, 11-7 के अंतर से हराया। इस तरह भारतीय टीम ने रोमानिया पर 2-0 की बढ़त बना ली थी।

### रोमानिया ने की मैच में वापसी

शुरूआती दो मुकाबले जीतकर 2-0 से आगे चलने वाली भारतीय टीम तीसरे मैच में पिछड़ गई थी। श्रीजा अकुला एलिजाबेट समारा के खिलाफ रोमांचक एकल मुकाबला हार गईं। समारा ने श्रीजा को इस मुकाबले में 3-2 से हराया। श्रीजा और समारा के बीच यह मैच काफी कड़ा रहा जिसमें आखिरकार समारा ने 8-11, 11-4, 7-11, 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की। श्रीजा भले ही यह मुकाबला हार गईं, लेकिन भारत ने रोमानिया पर 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी। इसके बाद अर्चना कामथ को बनार्डट के खिलाफ चौथे मैच में 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। अर्चना इस मैच में बनार्डट के सामने चुनौती पेश नहीं कर सकीं और उन्हें 5-11, 11-8, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। भारत और रोमानिया के बीच स्कोर 2-2 की बराबरी पर पहुंच गया था और मैच का नतीजा पांचवें तथा अंतिम मैच में जाकर निकला। मनिका ने इस मुकाबले में एडिना डियाकानू को 3-0 ( 11-5, 11-9, 11-9 ) से हराया।

# बलराज पंवार ने नौकायन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की मांग की



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की एकल स्कल स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे भारतीय नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने देश में नौकायन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पधार्यें बढाने की मांग की है ताकि भविष्य में भारत का प्रदर्शन बेहतर हो सके। पेरिस ओलंपिक में एकमात्र भारतीय नौकायन खिलाड़ी पंवार रेपेचेज के जरिये क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और फिर ग्रुप सी और डी में सेमीफाइनल खेलकर 23वें स्थान पर रहे। पंवार ने इंडिया हाउस में कहा, 'हमें नौकायन में बुनियाी ढांचा मजबूत करना होगा । जूनियर स्तर पर अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना होगा और उस स्तर पर प्रतिस्पधार्यें भी बढानी होगी।' उन्होंने कहा, 'हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन चार क्लबों की जरूरत है और जूनियर स्तर पर अधिक प्रतिस्पधार्यें चाहिए।' ओलंपिक में अपने प्रदर्शन पर उन्होंने कहा, 'मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमारे राष्ट्रीय टूनार्मेंटों में फाइनल तक तीन रेस होती है लेकिन यहां पांच रेस थी और मैने सभी में अच्छा किया। भविष्य में यह अनुभव मेरे काम आएगा।

# आज एक्शन में होंगे भारत के 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा

## क्वालिफिकेशन में ही छाप छोड़ना





**पेरिस।** भारत के लिए अगले कुछ दिनों में कुछ और पदक आ सकते हैं। इस बार स्वर्ण की सबसे ज्यादा उम्मीद जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा से है। नीरज मंगलवार से एक्शन में होंगे। उन्हें मंगलवार को क्वालिफिकेशन मैच खेलना है। इसके बाद अगर वह क्वालिफाई करते हैं तो आठ अगस्त को अपना फाइनल खेलेंगे। भारतीय एथलेटिक्स के लिए कई कीर्तिमान रच चुके नीरज अपने दूसरे ओलंपिक में एक बार फिर अपने भाले से इतिहास रचना चाहेंगे चूंकि 140 करोड़ भारतीयों को उनसे एक बार फिर स्वर्ण की उम्मीद है। इसके साथ ही नीरज के अप्रतिम निरंतरता की एक बार फिर परीक्षा होगी क्योंकि पूरे सत्र में वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में (एडक्टर) परेशानी से जूझते रहे हैं। चोपड़ा अगर स्वर्ण जीतते हैं तो ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें खिलाड़ी हो जाएंगे।

इसके साथ ही ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरूष भालाफेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग ( स्वीडन 1908 और 1912 ), जोन्नी माइरा ( फिनलैंड 1920 और 1924 ), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी ( चेक गणराज्य 1992 और 1996 ) और आंद्रियास टी ( नॉर्वे 2004 और 2008 ) की ओलंपिक में भालाफेंक स्पर्धा में खिताब बरकरार रख सके हैं। इस साल चोपड़ा ने सिर्फ तीन स्पर्धाओ में भाग लिया, लेकिन उनके बाकी प्रतिस्पर्धी भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए है।

दोहा डायमंड लीग में मई में चोपड़ा ने 88.36 मीटर का थ्रो फेंका था। वहीं, एडक्टर में असहजता के कारण 28 मई को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में एहतियात के तौर पर भाग नहीं लिया। उन्होंने जून में फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में 85.97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण के साथ वापसी की। इसके बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। उनके कोच ने फिटनेस को लेकर चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि अब उनके एडक्टर में कोई परेशानी नहीं है और वह कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स उन्हें फिर चुनौती देंगे। भारत के किशोर जेना भी दौड़ में हैं जिन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में 87.54 मीटर का थ्रो फेंककर क्वालिफाई किया था लेकिन उसके बाद से 80 मीटर तक भी नहीं पहुंच पाए हैं।

## जमैका के एथलीट को हराया

# अमेरिका के नोआ लायल्स ने जीती पुरुषों की 100 मीटर दौड़



**पेरिस।** अमेरिका के एथलीट नोआ लायल्स ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ जीत ली है। लायल्स ने जमैका के किशाने थॉम्पसन को पछाड़कर यह दौड़ जीती और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अमेरिका के फ्रेड केर्ली ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया। टोक्यो ओलंपिक के चैंपियन इटली के जैकब लोमंट मार्सेल पांचवें स्थान पर रहे और अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सके।

लायल्स जस्टिन गैटलिन के बाद पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के पहले एथलीट हैं। गैटलिन ने 2004 एथेंस ओलंपिक में स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता था। लायल्स ने 9.784 सेकेंड के अपने सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दूसरे स्थान पर रहे थॉम्पसन ने 9.789 सेकेंड में रेस पूरी की और रजत पदक अपने नाम किया। लायल्स और थॉम्पसन के बीच महज 0.5 सेकेंड का फासला रहा। वहीं, कांस्य पदक जीतने वाले केर्ली ने 9.810 सेकेंड में दौड़ पूरी की और तीसरे स्थान पर रहे।

### परिणाम घोषित होने में लगा समय

एथलीटों को परिणाम जानने के लिए सामान्य से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि रेस पूरी करने वाले पहले सात एथलीटों तस्वीर बड़ी स्क्रीन पर दिखाई गई थी जिसमें मामला बेहद करीबी दिख रहा था। हालांकि, लायल्स को विजेता घोषित किया गया। रियो और टोक्यो ओलंपिक में करीब से पदक से चूकने वाले दक्षिण अफ्रीका के अकाने सिमबाइन पेरिस में भी पोडियम पर फिनिश नहीं कर सके और चौथे स्थान पर रहे।

### विश्व चैंपियनशिप के गत विजेता हैं लायल्स

लायल्स ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के 100 मीटर और 200 मीटर चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से पहले कहा था कि वह उसैन बोल्ट का 200 मीटर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ेंगे। हालांकि, स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद वह बोल्ट का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके थे। लायल्स ने उस वक्त 19.52 सेकेंड का समय लिया था, जबकि बोल्ट का रिकॉर्ड 19.19 सेकेंड का है।

# 'पदक जीतने तक संन्यास नहीं लूंगी' : तीरंदाज दीपिका कुमारी



**पेरिस।** भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक में प्रभावित नहीं कर पाने के बाद बड़ा बयान दिया है। लगातार चार ओलंपिक में विफल रहीं दीपिका ने कहा कि वह जब तक ओलंपिक में पदक नहीं जीत लेतीं, तब तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी। कई बार की विश्व कप विजेता अनुभवी तीरंदाज दीपिका का मानना है कि वह 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहेंगी।

### लगातार चौथे ओलंपिक में उतरी थीं दीपिका

भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद उन्होंने खेल में वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह प्रभावित नहीं कर सकीं। दीपिका को महिला व्यक्तिगत वर्ग में दावेदार माना जा रहा था और उन्होंने अच्छी शुरूआत करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन अंतिम आठ मुकाबले में बढ़त लेने के बावजूद दीपिका को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दीपिका, भजन कौर और अंकिता भकत की महिला जोड़ी भी प्रभावित नहीं कर सकी थी।

### 'भविष्य में खेल जारी रखूंगी'

दीपिका ने कहा, निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नहीं छोड़ूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी। मैं और मजबूती से पेश करूंगी। इसमें कई चीजे हैं जैसे तेजी से निशाना लगाना, मुझे इसके बारे में थोड़ा और जानने की जरूरत है और इसके अनुसार खुद को तैयार करना सबसे महत्वपूर्ण है।
उन्होंने कहा, मैंने ओलंपिक से यही सीखा है कि देर से निशाना लगाना कारगर नहीं होता, आपके पास बड़ी गलतियों की गुंजाइश नहीं होती। आपको इस पर नियंत्रण रखना होता है। मैं यहां से यह सीख लूंगी।

# कौन हैं अनंतजीत सिंह नरुका? स्कीट मिश्रित स्पर्धा के क्वालिफिकेशन में जीते



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी है। सोमवार को अनंतजीत सिंह नरुका ने महेश्वरी चौहान के साथ स्कीट मिश्रित स्पर्धा के कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अब उनका सामना चीन से होगा। भारत और चीन की जोड़ी ने एक समान 146 अंक बनाए और संयुक्त तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया। इटली और अमेरिका की जोड़ी के बीच स्वर्ण पदक का मुकाबला खेला जाएगा। मालूम हो कि इस स्पर्धा में क्वालिफिकेशन में शीर्ष दो टीमें स्वर्ण पदक के लिए खेलती हैं, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों का सामना कांस्य पदक के लिए होता है। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में दमदार प्रदर्शन किया और अब अंनत-महेश्वरी की जोड़ी से कांस्य पदक लाने की उम्मीद है।

### कौन हैं अनंतजीत सिंह नरुका?

अनंतजीत सिंह नरुका का जन्म एक जुलाई 1998 को जयपुर में हुआ था।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच पर अपनी चमक बिखेरकर देश का नाम रोशन किया। 2015 में उन्होंने जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय शॉटगन चैंपियनशिप में पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। नरुका ने एशियन गेम्स 2023 में पुरुष स्कीट व्यक्तिगत स्पर्धा में देश के लिए पहला रजत पदक जीता था। अब उन्होंने महेश्वरी चौहान के साथ स्कीट मिश्रित स्पर्धा के कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया है। दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

# पेरिस ओलंपिक में दिख रही भारतीय हॉकी की धाक



**पेरिस।** ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का स्वर्णिम इतिहास रहा है। एक समय ऐसा था जब भारतीय हॉकी का जलवा पूरे विश्व पर था, लेकिन टोक्यो ओलंपिक से पहले के कुछ साल ऐसे थे, जब यह टीम अपने प्रदर्शन में लगातार उतार-चढ़ाव से गुजर रही थी। टोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक भारतीय हॉकी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि था। अब, पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी की पुरानी धाक फिर नजर आ रही है। भारतीय हॉकी टीम ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल मैच में ग्रेट ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले में सोनीपत के रहने वाले अभिषेक नैन और सुमित ने भी भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। हॉकी टीम की इस जीत के बाद खिलाड़ियों के परिवार समेत पूरे देश की उम्मीद और बढ़ गई है। इस बार उम्मीद की जा रही है कि मेडल का कलर बदलेगा। हॉकी में स्वर्ण पदक को लेकर भी अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। क्वार्टर फाइनल में भारत की जीत का श्रेय गोलकीपर श्रीजेश को जाता है, जिन्होंने पेनल्टी शूट आउट में 2 गोल रोक कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, भारत की डिफेंस के दो धुरंधर खिलाड़ी अभिषेक नैन और सुमित ने भी योगदान दिया। दोनो के परिजनों और खेल प्रेमियों में जश्न का माहौल है। अभिषेक नैन के पिता और सुमित के भाई जयसिंह ने इस जीत पर पूरी भारतीय हॉकी टीम को श्रेय दिया। हालांकि सुमित और अभिषेक से परिवार वालों की कोई बातचीत अभी नहीं हो पाई है, क्योंकि दोनो ही खिलाड़ी आगामी मैच पर अपना फोकस कर रहे हैं। 1972 म्यूनिख ओलंपिक के बाद, यह पहला मौका है जब भारत लगातार दो ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचा है। सोशल मीडिया पर भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन से प्रशंसक बेहद खुश हैं। हालांकि, अमित रोहिदास को रेड कार्ड दिए जाने और बाद में एक मैच का बैन लगाने से फैंस में थोड़ी निराशा है। भारत की जीत के बाद पीआर श्रीजेश और उनके साथियों को सोशल मीडिया पर खूब प्यार मिला। पीआर श्रीजेश निर्धारित 60 मिनट तक, और शूट आउट के दौरान अपने अविश्वसनीय बचाव के लिए भारत की क्वार्टर फाइनल जीत के हीरो रहे। यह उनका आखिरी ओलंपिक है, उम्मीद यही है कि टीम उन्हें एक यादगार विदाई देगी।

# पेरिस में दो पदक जीतने वाली मनु

## समापन समारोह में होंगी ध्वजवाहक



**पेरिस।** स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने पेरिस खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का इन खेलों में पदक का खाता खुलवाया था। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी ने कहा, 'हां, मनु को ध्वजवाहक के रूप में चुना गया है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और वह इसकी हकदार हैं।' हरियाणा की 22 वर्षीय निशानेबाज ने इससे पहले कहा था कि भारत का ध्वजवाहक बनना सम्मान की बात की है। मनु के अलावा भारत को स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक दिलाया था। आईओए ने अभी तक पुरुष ध्वजवाहक की घोषणा नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

### मनु ने रचा था इतिहास

मनु एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं। वहीं, मनु ओलंपिक में भारत की ओर से सबसे सफल एथलीट में से भी एक हैं। मनु के अलावा अब तक किसी भारतीय एथलीट ने एक ओलंपिक में दो पदक नहीं जीते हैं। सुशील कुमार और शटलर पीवी सिंधू के नाम दो-दो पदक हैं, लेकिन ये अलग-अलग ओलंपिक में आए हैं। सुशील ने 2008 बीजिंग (कांस्य) और 2012 लंदन (रजत) ओलंपिक में दो पदक जीते थे, जबकि सिंधू ने 2016 रियो (रजत) और 2020 टोक्यो ओलंपिक (कांस्य) में दो पदक जीते थे। मनु ने सभी को पीछे छोड़ते हुए इतिहास रच दिया था। इसी के साथ वह एक ओलंपिक में दो या इससे ज्यादा पदक जीतने वाले एथलीट्स की लिस्ट में भी शामिल हो गई थीं।

# श्रीलंका के खिलाफ लगातार विकेट गंवाने पर अभिषेक नायर ने कहा, सवाल उठना लाजमी

**कोलंबो।** रोहित शर्मा की शानदार शुरूआत के बाद भारतीय बल्लेबाजी क्रम श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में भी लड़खड़ा गया। इस बार फ्लॉप बल्लेबाजी के कारण टीम इंडिया को श्रीलंका के हाथों 32 रनों से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने स्वीकार किया कि टीम मैनेजमेंट यह समझने की कोशिश करेगा कि श्रीलंका के खिलाफ चल रही श्रृंखला के दोनों मैचों में टीम का बल्लेबाजी क्रम क्यों लड़खड़ा गया। अभिषेक नायर के अनुसार श्रीलंका के खिलाफ मैच हारना निराशाजनक जरूर था लेकिन इस मैच के नतीजों को परिस्थितियों ने भी बहुत हद तक प्रभावित किया। इसके साथ ही नायर ने विपक्षी टीम के स्पिनर जेफरी वेंडरसे की अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी की भी सराहनी की। नायर ने कहा, क्या यह स्तब्ध करने वाला नतीजा था? मैं कहूंगा हां, यह आश्चर्य चकित करने योग्य है। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में मैच किसी भी पाले में जा सकता है क्योंकि पिच से काफी ज्यादा टर्न मिल रही है। अगर आप पिछले मैच को भी देखें तो नई गेंद को खेलना अधिक आसान था। दूसरी पारी में गेंद पुरानी होने के साथ ही बल्लेबाजी करना भी मुश्किल होता गया। कठिन परिस्थितियों और खासकर 50 ओवर के प्रारूप में ऐसा हो जाता है। हमें यह सोचना होगा कि ऐसा लगातार दूसरी बार क्यों हुआ? पहले मैच में हम साझेदारियां बनाने में सफल रहे थे लेकिन दूसरे मैच में हमने लगातार विकेट गंवाए।

# स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा 'आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नॉमिनेट



**नई दिल्ली।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को जुलाई 2024 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। भारतीय ओपनिंग बल्लेबाजों के अलावा के साथ-साथ श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापत्थु को भी इस पुरस्कार के लिए नामांकन मिला है। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज और भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने जुलाई में टी20 में 139.28 की स्ट्राइक रेट और 68.25 की औसत से 273 रन बनाए हैं। उन्होंने जून 2024 में आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार भी जीता था। मंधाना ने जुलाई में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसकी शुरूआत चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ 149 रन की पारी से हुई। उन्होंने शेफाली के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 292 रन जोड़े, जो महिला टेस्ट में पहले विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में दो पारियों में 100 रन बनाए, जिसमें अंतिम टी20 में नाबाद 54 रन शामिल हैं। यह मैच भारत ने 10 विकेट से जीता और सीरीज बराबर की। महिला एशिया कप में, स्मृति ने 173 रन बनाए और फाइनल में 47 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 60 रन बनाकर भारत के लिए शीर्ष स्कोरर रही थीं। दूसरी ओर, शेफाली ने जुलाई 2024 में 229 टेस्ट रन और 245 टी20 रन बनाए हैं। वह एकमात्र टेस्ट में स्मृति के साथ अपनी शानदार ओपनिंग साझेदारी के दौरान सुर्खियों में रहीं। शेफाली, दिग्गज क्रिकेटर मिताली राज के बाद दोहरा शतक लगाने वाली सिर्फ दूसरी भारतीय महिला बनीं।

उन्होंने सिर्फ 194 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जो महिला टेस्ट में बनाया गया सबसे तेज दोहरा शतक है। इसके अलावा, शेफाली महिला एशिया कप में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी भी बनीं। उन्होंने 140.84 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 200 रन बनाए, जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 29 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी और नेपाल के खिलाफ 48 गेंदों पर 12 चौकों और एक छक्के की मदद से करियर की सर्वश्रेष्ठ 81 रन की पारी शामिल है। इसके अलावा, बाएं हाथ की बल्लेबाज श्रीलंकाई कप्तान ने भी पिछले महीने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने घरेलू धरती पर महिला एशिया कप में श्रीलंका को यादगार जीत दिलाई। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान 101.33 की औसत और 146.85 की स्ट्राइक रेट से 304 रन बनाए। उनके शानदार प्रदर्शनों में मलेशिया के खिलाफ नाबाद 119 रन और नाकआउट चरणों में दो महत्वपूर्ण अर्धशतक शामिल हैं।

# 15 अगस्त से पूर्व सभी बीडीओ एक-एक चारागाह बनायेंगे : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण, चारा उत्पादन, वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्थापना तथा अस्थायी गौ आश्रय स्थलों के विस्तारीकरण के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि प्रत्येक खंड विकास अधिकारी कम से कम 20-20 गोवंश अपने क्षेत्र अंतर्गत गोआश्रय स्थलों पर 15 अगस्त 2024 से पूर्व संरक्षित करना सुनिश्चित करें। समस्त खंड विकास अधिकरियों एवं उप जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत वृहद गो संरक्षण केन्द्र निर्माण के लिए कम से कम एक हेक्टेयर भूमि का प्रस्ताव, पुनः ग्रहण कर प्रेषित किया जाए जिससे संरक्षण केंद्रों का निर्माण किया जा सके। जनपद में गोचर भूमि पर लक्ष्य की सापेक्ष 6.38 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर ग्रास उगाने के निर्देश दिए। माननीय मुख्यमंत्री सहभगिता योजनांतर्गत 15-15 गोवंश इच्छुक व्यक्तियों को सहभागिता योजना अंतर्गत सुपुर्दगी कराने के निर्देश दिए जिससे गोआश्रय स्थलों पर और अधिक निराश्रित गोवंश संरक्षित कराये जाए। समस्त खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि बरसात के समय शेड की मरम्मत, अतिरिक्त सेड का निर्माण, तिरपाल की व्यवस्था, साफ सफाई, संपर्क मार्ग को ठीक करने एवं गड्ढों को भरने के निर्देश दिए, जिससे किसी गोवंश को बरसात में कष्ट न पहुंचे। गोआश्रय स्थलों पर भूसा, चारा, दाना आदि का क्रय टेंडर प्रक्रिया से ही करायें।

### गौ आश्रय स्थल का किया जाए औचक निरीक्षण : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व सभी बीडीओ एक-एक चारागाह बनायेंगे और उसकी फोटो खींचकर उन्हें भेजेंगे। इसके साथ ही गौवंशों सहित गौ आश्रय स्थल के डॉक्टर, स्टाफ, चैकर, सुपरवाइजर सहित अन्य की पूरी डिटेलिंग का रजिस्टर बनाया जाए, जिससे कि ज्ञात रहे कि किसने, कब, क्या कार्य किया व कौन, कहां, कब, क्या कर रहा है। यह रजिस्टर क्रमवार, नियमानुसार, सिस्टेमैटिक तरीके से मैनटेन होना चाहिए। कहा कि सभी उच्च अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समय-समय पर गौआश्रय स्थल का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे और बताये गये सभी बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देंगे। बैठक में एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एसपी पाण्डेय, डॉ.अनुज सिंह उद्यान अधिकारी नगर निगम, डीबीडब्लूओ पीयूष चन्द्र राय, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित समस्त अधिशासी अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगर निगम के उप—मुख्य पशुचिकित्सा कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/ डॉक्टर उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कैंटर ने बाइक सवार को कुचला

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** अनियंत्रित कैंटर ने बाइक सवार एक युवक को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रिपोर्ट दर्ज कर हादसा करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया है।

लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी मनोज कुमार (40) पत्नी मुन्नी देवी पुत्र हर्ष (14), यश (12) व पुत्री नैना के साथ रहते थे। रात को साढे सात बजे के आसपास गाजियाबाद से बाइक पर सवार हो अपनी ड्यूटी से वापस मोदीनगर आ रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर काजमपुर गेट से आगे गांव सीकरीकलां के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे अनियंत्रित कैंटर ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह काफी दूर जा गिरे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मनोज को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रिपोर्ट दर्ज कर हादसा करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया है।




### फूल वाले अपनी मां के नाम पर पौधे लगायें मगर कोई काम ना बतायें

फूल वाली पार्टी में सही में फूल कटा ही देवतुल्यों का हैं। कभी मिटटी ले आओ कभी चावल ले आओ। कभी कलश लेकर घूमो तो उसकी रसीद काटो और जमा कराओं, अब फूल वालों के पास पौधे लगाने का काम आ गया है। पौधे का खर्चा किसे करना है इसका कोई चर्चा नही होने दिया जाता और ये भी देखने की बात है कि पौधे को पेड़ भी होने दिया जाता है या नही। नाराज फूल ने दिल की भड़ास पौधे लेने के बाद निकाली। फूल की वाईफ मेंबर हैं और उनका एंगर ही इस बात को लेकर है कि जब हम किसी का कोई काम कराने की हैसियत में ही नही है तो फिर हमारी हैसियत ही क्या है। बेकार में सरकार का भ्रम पाल कर जी रहे हैं हम सात साल से। अफसर तो हमारी क्या ही सुनेगें जब हमारी पार्टी के लीडर ही हमारी नही सुन रहे हैं। उनके लहजे भी बदल रहे हैं और लिहाज भी नही रहा है अब। हमें तो बस आयाम देखना है पार्टी का काम देखना है और कोई काम हम ना बतायें।

### विपक्ष में हो या सरकार ठेकेदारी वाले चरित्र की कीमत है पांच हजार

वैसे तो सरकार आते ही कहा ये गया था कि कोई ठेकेदारी नही करेगा। सगंठन अध्यक्ष बनने की बेला आई तो शपथपत्र इसी बात के दिये गये कि मेरा ठेकेदारी से कोई लेना देना नही हैं। निगम से लेकर जीडीए की फाइले बता देगीं कि कौन ठेकेदारी कर रहा है। किस्सा उस चरित्र प्रमाणपत्र को लेकर चला जिसका विचित्र सीन होने वाला है। भगवा नेता चाहते हैं कि कैरेक्टर सर्टिफिकेट बन जाये और इसे रूटीन वे में बनवाने वालों की जुबान से सच निकल ही गया। कहा गया कि उन्हे पता नही है कि ठेकेदारी करने के लिये हैसियत और चरित्र बिना भुगतान के नही बनते। काम तो काम के तरीके से ही होगा और सिस्टम तो सिस्टम ही रहेगा। वो विपक्ष में हो या सरकार बात ये है कि ठेकेदारी वाले चरित्र प्रमाणपत्र की कीमत हैं पांच हजार। अगर फ्री में बनवाना है तो बन जायेगा बस उसके नीचे एक लाईन में इतना ही लिखा जायेगा कि यह प्रमाणपत्र ठेकेदारी कार्य के लिये वैध नही है।

### चर्चा है ये आम सरकारी कृपा में आयेगा बागी भीतरघाती का भी नाम

वैसे तो सरकारी कृपा वाले खेत में अभी सूत कपास नही है लेकिन भगवा जुलाहो में लठम लठठा हो ही रही है। मेरा नाम है या नही इसकी फिक्र नही हैं मगर पूरा जोर इस बात पर है कि पता करों कि यहां वालों ने किस किस का नाम भेजा है। वैसे लखनऊ वाले संकेत दे चुके हैं कि कोई लिस्ट विस्ट ना आई है, किसी ने बेकार में ही ये अफवाह उड़ाई हैं कि उन्होने नाम भेजे हैं। अब ताजी चर्चा इस बात को लेकर है कि कृपा का बादल ही बागियों से लेकर भीतरघातियों पर बरसेगा। किंग सिटी में किसी बागी के नाम पर राजी होने की खबर हैं और नदियापार में भी एक भीतरघाती की सेंटिग लखनऊ में ठीक ठाक बताई जा रही है बताने वाले बता रहे हैं कि यहां जिस पर भी कृपा होगी उस कृपा में यहां वालों की कोई भूमिका नही होगी। अपनी अपनी सेटिंग अपना अपना आर्शीवाद वाला सीन होने जा रहा है।

## यामी शिक्षा समिति ने धूमधाम से मनाया तीज का त्यौहार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा गाजियाबाद में स्थित यामी शिक्षा समिति ने तीज का त्यौहार 4 अगस्त को सेक्टर 15 वसुंधरा में कमांडो ओपी सिंह एवं यामी अध्यक्षा दीपमाला चौधरी के निर्देशन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई। वार्ड 61 से पार्षद शिल्पा चौधरी एवं वंदना सोनी तीज उत्सव कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही इसमें तीज क्विज कांटेस्ट रखा गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और चुनौतियों का सामना करते हुए तीज क्वीन को हमारे तीज उत्सव के जजिस डॉ. अनिल तोमर, श्वेता आनंद, पूनम भारद्वाज द्वारा तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। मनोरंजन से भरपूर इस तीज उत्सव में दर्शकों के लिए भी क्विज रखी गई। इस उत्सव में समस्त यामी परिवार से गुरप्रीत कौर, आशु वालिया, मेघा वर्मा, अंशु धवन, लव कुश तिवारी, हरप्रीत कौर, सुनीता, नीतू सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

## लीलावती पब्लिक स्कूल एवं लीलावती इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक स्व. सेवाराम बग्गा का जन्मदिन मनाया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लीलावती पब्लिक स्कूल भूड भारत नगर एवं लीलावती इंटरनेशनल स्कूल प्रताप विहार में सोमवार को विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय सेवाराम बग्गा का जन्म दिवस नम आंखों से मगर धूमधाम से मनाया गया साथ ही एस बी रिकॉर्ड्स अकैडमी और स्टूडियो में समस्त टीम के साथ केक काटकर मनाया गया। लीलावती पब्लिक स्कूल की दोनों शाखाओं में बच्चों ने स्वर्गीय सेवाराम बग्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया एवं दिवंगत दिव्य आत्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे स्व. सेवाराम बग्गा

इस अवसर पर बच्चों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। संस्था की महासचिव इंदुबाला बग्गा लीलावती पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक संजय बग्गा चेयरपर्सन अमित बग्गा, नीरू बग्गा एवं प्राची बग्गा, सुनीता सचदेवा, विनोद सचदेवा, बेबी, खुशी, बग्गा के साथ-साथ समस्त छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं समस्त कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। स्वर्गीय सेवाराम बग्गा का जन्म 5 अगस्त 1937 में पाकिस्तान के मियां वाली जिला में हुआ था।

10 वर्ष की आयु में पार्टीशन के दौरान वह परिवार के साथ भारत आ गए थे। अपनी जिंदादिली और मेहनत के बलबूते पर वह समाज के हर वर्ग में लोकप्रिय रहे। उनका व्यक्तित्व साधारण मनुष्य जैसा बिल्कुल भी नहीं था। अपने जीवनकाल के दौरान वह जनहित में सेवा प्रदान करते रहे। ऐसी शख्सियत को भूल पाना बहुत मुश्किल है शत शत नमन।

### फावड़ा मारकर मजदूर का सिर फाड़ा, उपचार के दौरान मौत

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** कान्हा गोशाल परिसर में काम करने को लेकर हुए विवाद में फावड़ा मारकर एक मजदूर का सिर फाड़ दिया था। गंभीर हालात में मजदूर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। गांव सारा निवासी आबिद उर्फ रिहान संजय नगर कॉलोनी स्थित कान्हा गोशाला में मजदूरी करता है। शनिवार शाम को वह गोशाला में काम कर रहा था। इसी बीच आबिद का किसी बात को लेकर साथ काम करने वाले बिल्ला से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि बिल्ला ने फावड़ा आबिद के सिर पर दे मारा। फावड़ा लगते ही वह आबिद लहुलुहान होकर नीचे गिर गया। अन्य मजदूरों ने तुरन्त उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा, लेकिन हालात गंभीर होने पर दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। मजदूर की पत्नी अनजुम ने इस संबंध में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी बिल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई है।




### क्या 2015 बैच को मिलेगा तिरंगा लहराने का मौका

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बैच 2015 वालों के ऐसे फेस जो चौकी और थानों के प्रभारी हैं उनको अभी कुछ दिन की मोहलत मिल सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2015 बैच के कुछ लोगों को रवाना करने के आदेश जारी होने की सूचना मिल रही है। तो बताया जा रहा है कि जिन पर अभी चौकी या थाने की जिम्मेदारी है, उनको कुछ दिन होल्ड किया जा सकता है। वैसे भी जिन लोगों को रवाना किया गया है उनकी डेट 17 जुलाई को ही पांच अगस्त की तय हो गई थी। वहीं अब देखना होगा कि अन्य बचे हुए टू-स्टारों के लिए क्या आदेश आता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर 2015 बैच वाले सभी टू-स्टारों को एक साथ रवानगी करने के आदेश आ गए तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के लिए स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल वाली भी हो सकती है। सुनने में आया है कि अधिकांश स्थानों की प्रमुख चौकियों पर टू-स्टार 2015 बैच और कई थानों पर भी वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में उनका राज बताया जा रहा है। उधर पुलिस के ही सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि 3 अगस्त को बराबर वाले कमिश्नरेट में डेट फिक्स की गई थी। वहां से भी बड़ी संख्या में रवानगी के आदेश हो गए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि 2015 बैच के वह टू-स्टार ज्यादा परेशान चल रहे हैं जिनको लग रहा है कि कहीं देरी उनके लिए परेशानी वाला कारण न बन जाए। वहीं पुलिस के बीच से सुनने में आया है कि कुछ लोगों ने तो बराबर वाले कमिश्नरेट के लिए अपना जुगाड़ तंत्र खोजना शुरू कर दिया है लेकिन जो जुगाड़ तंत्र से दूर हैं वह इस प्रक्रिया को शुरू होने और जल्द ही समाप्त होने की चर्चा करते सुन जा सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिन लोगों पर अभी उन्हें कुछ दिन की मोहलत मिल सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत दो जोन के जोन वाले साहब कुछ फेस तलाश रहे हैं ताकि उनके प्लेस बदले जा सके। इसमें चौकी से लेकर थाने में जमे टू-स्टार बदले जा सकते हैं। वहीं सुनने में आया है कि जल्द ही सिटी और देहात जोन के अंतर्गत आने वाली कई चौकियों पर कुछ नए चेहरे देखन को मिलेगें। वहीं बाहर जाने वालों को कमिश्नरेट में ही तिरंगा तहराने का मौका मिलेगा। ऐसा सूत्रों की ओर से दावा किया जा रहा है।



## रामकुमार जाटव हत्याकाण्ड : फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** रामकुमार जाटव हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दलित समाज के लोगों ने थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। उनकी मांग थी कि आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाया जाए। पुलिस ने फरार चार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस की कई टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। बताते चलें कि 25 जुलाई की रात को मोदीनगर के सीकरीखुर्द मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर एक दूध व्यापारी रामकुमार जाटव व उनके पुत्र सौरभ को गोली मार दी थी। रामकुमार जाटव की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि सौरभ की हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। मृतक के पुत्र सौरभ की तहरीर पर वीर सिंह गुर्जर, राजेन्द्र, राहुल, अमित, अंकितय आशु निवासी सीकरीखुर्द के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के परिजन रविवार दोपहर को लोगों के साथ थाने पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुये थाने का घेराव कर मामले में फरार चार आरोपियों को तुरन्त गिरफ्तार करने व उनके घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम व दलित नेता संजय जाटव ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द फरार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। थाना प्रभारी सुभाष पाण्डे ने द आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किये जाने का आश्वासन दिया।



### जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा : एसीपी ज्ञानप्रकाश

**करंट क्राइम।** फरार आरोपियों पर इनाम घोषित एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीम लगातार दबिश दे रही है। उन्होने बताया कि फरार आरोपी वीर सिंह गुर्जर, अंकित व आकाश उर्फ महादेव पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सांसद अतुल गर्ग ने मेक इन इंडिया प्रतीक चिह्न शेर की प्रतिमा का किया उद्घाटन

### महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान ने किया नेतृत्व





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में वार्ड 78 शालीमार गार्डन विस्तार प्रथम मे राधा कृष्ण सोसाइटी सूर्या पार्क परिसर प्लॉट नंबर 299 के पास सौंदर्यकरण के लिए शेर की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग के कर कमलों द्वारा किया गया। सांसद अतुल गर्ग का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर आरडब्ल्यूए अध्यक्षों पदाधिकारियों और निवासियों द्वारा किया गया। राधा कृष्णा पार्क निवासियों ने सांसद अतुल गर्ग व महामंत्री पप्पू पहलवान का क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने पर आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, डीएन कोल, प्रतीक माथुर, लेखराज छाबड़ी, प्रताप चौधरी, भूषण लाल, राकेश तोमर, शैलेंद्र सक्सेना, जितेंद्र कुमार, सुनील शर्मा, प्रदीप देवली, शत्रुघ्न लाल, मनोज मिश्रा, सोनू शर्मा, विनोद माथुर, किशोर, शिव शर्मा, नितिन बंसल, निशा चौहान, सुमन सती, अनीता राणा, ममता गुप्ता, प्रियंका सोलंकी आदि लोग उपस्थित रहे।

## 10 अगस्त को समाजवादी पार्टी करेगी संविधान मान स्तंभ का कार्यक्रम

## बैठक में बनी आयोजन को भव्य रूप से आयोजित करने की योजना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी कार्यालय जनपद गाजियाबाद पर सोमवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने की।

मासिक बैठक में मान्य राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना पार्टी कार्यालय पर आगामी 10 अगस्त को की जाएगी जिसकी प्रभारी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिपु श्रीवास्तव रहेंगी। यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी भव्य रूप से करेगी। इस कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा को लेकर सभी ने अपने सुझाव रखे। साथ ही 9 अगस्त (अगस्त क्रांति दिवस) से समाजवादी पार्टी के चारों फ्रंटल मिलकर सदस्यता अभियान, पीडीए जागरूकता अभियान चलाने जा रहा है।

एक महीने तक चलने वाले इस सदस्यता अभियान पर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुई। अंत में गाजियाबाद सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने व उनका समाधान करने पर भी चर्चा की। बैठक में प्रत्येक पार्टी के पदाधिकारी को आगामी जनपद गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने-अपने क्षेत्र में रहने वहां की जनता से ज्यादा से ज्यादा संपर्क करने के लिए निर्देशित किया।

मासिक बैठक में फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, नितिन त्यागी जिला महासचिव, राजन कश्यप महानगर महासचिव, मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष, गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष, सभा राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा, रश्मि चौधरी जिला अध्यक्ष महिला सभा, रमेश यादव वरिष्ठ सपा नेता, विकास यादव जिला पंचायत सदस्य, राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा, रश्मि चौधरी जिला अध्यक्ष महिला सभा किरण, कालिया प्रदेश सचिव महिला सभा, हाजी नूर हसन चौधरी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, जीतू पंडित जिला अध्यक्ष युव जनसभा रविंद्र यादव महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, ठाकुर विक्की सिंह महानगर अध्यक्ष युव जनसभा, विवेक त्यागी महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, गौरव त्यागी प्रदेश सचिव युवजन सभा, विक्रांत पंडित प्रदेश सचिव युव जनसभा, अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्र सभा, ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, अनुष्का सिंह महानगर सचिव, शशि कश्यप जिला महासचिव महिला सभा, शशि वर्मा, आशा सचदेव जिला सचिव, जयवीर सिंह एडवोकेट, दीपक शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार यादव, सर्वेश यादव, अवतार सिंह विधानसभा अध्यक्ष साहिबाबाद, ललित यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अशफा के खानपुर पार्षद मोहित कौशिक, अबुल हसन, साकिर हुसैन प्रदेश सचिव युवा जनसभा, फिरोज चौधरी प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा, सोनू प्रधान, नानक चंद प्रजापति जिला सचिव, वीरेंद्र सिंह वाल्मीकि, नरेश बग्गा, राहुल रावत एवं कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे।

## बदमाशों ने तमंचे के बल पर नकदी व जेवरात लूटे

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर दंपति से नकदी व सोने के जेवरात लूट लिए। लूट का विरोध करने पर दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

जिला मेरठ के थाना परतापुर के गांव कॉसी सोलना निवासी गुफरान अपनी पत्नी हासमीन के साथ एक अगस्त को बाइक पर अपनी ससुराल जिला गौतमबुद्वनगर के गांव कलौदा जा रहे थे।

जब वह भोजपुर थानान्तर्गत गांव पलोता भदौला मार्ग पर पहुंचे तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। इसके बाद तमंचे के बल पर दस हजार रुपए की नकदी व सोने के कुंड़ल, बाली व अन्य जेवरात लूट लिए। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया।

बदमाश बाइक व मोबाइल नहीं ले गए। पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जायेंगा।



# बदलाव की ओर...

# बांग्लादेश में बद से बदतर हालात

# प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा

**ढाका :** बांग्लादेश में भारी हिंसा के बाद पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले सेना प्रमुख वकार-उज-जमान हसीना को 45 मिनट के अंदर इस्तीफा देने के लिए अल्टीमेटम दिया था। पीएम शेख हसीना देश छोड़कर किसी सुरक्षित ठिकाने पर चली गई हैं। बताया जा रहा है कि वह भारत जा रही हैं। वहीं प्रदर्शनकारी शेख हसीना के घर में घुस गए हैं और तोड़फोड़ कर रहे हैं। देश के कई इलाकों में जीत का जश्न मनाया जा रहा है। इस हिंसा में 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। शेख हसीना के साथ उनकी बहन ने भी ढाका छोड़ दिया है। बांग्लादेश आर्मी चीफ ने हसीना से कहा था कि उनको सम्मानजनक तरीके से इस्तीफा देकर सत्ता से हट जाना चाहिए। इस बीच बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के बेटे ने सुरक्षा बलों से किसी भी अनिर्वाचित सरकार को सत्ता में आने से रोकने का आग्रह किया है। सेना प्रमुख देश को संबोधित करने वाले हैं। पीएम शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर रविवार से शुरू हुई हिंसा में कुछ घंटों के भीतर ही 300 लोगों की मौत हुई और अरबों की संपत्ति को आग के हवाले कर दिया गया। सभी बड़े शहरों में लाखों की तादाद में लोग शेख हसीना के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर हैं। राजधानी ढाका पर

**300 से ज्यादा लोग इस हिंसा में मारे गए**

## हसीना ने देश छोड़ा, पीएम हाउस में घुसे प्रदर्शनकारी

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच भड़की हिंसा अब उग्र हो चुकी है। इस बीच बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़कर निकलने की खबरे हैं। उन्होंने अपने पद से भी इस्तीफा दे दिया है। बांग्लादेश के उच्चायोग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। साथ ही यह भी कहा गया है कि वह आज ही भारत पहुंच सकती हैं।

हजारों लोग प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में घुस गए हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बीच बांग्लादेश के कानून मंत्री अनीसुल हक ने कहा कि स्थिति काफी गंभीर हो गई है। ढाका में प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक और शेख हसीना के पिता शेख मुजीब-उर-रहमान की मूर्ति के साथ तोड़फोड़ कर दी।

बांग्लादेश में हाल ही में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिसंक झड़पें हुई हैं। दरअसल, प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत बांग्लादेश के लिए वर्ष 1971 में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्रामियों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित की गई हैं।

बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकर-उज-जमान ने कहा कि उन्होंने सेना और पुलिस दोनों से कोई गोली न चलाने को कहा है। वहीं भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (कार्यवाहक) दलजीत सिंह चौधरी और वरिष्ठ अधिकारी भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा की समीक्षा के लिए कोलकाता पहुंच गए हैं।

जानकारी के मुताबिक बीएसएफ ने पड़ोसी देश में हिंसक घटनाक्रम के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा के 4,096 किलोमीटर क्षेत्र में सभी इकाइयों को 'हाई अलर्ट' जारी किया है।

इस पूरे घटनाक्रम पर बांग्लादेश की सेना ने कहा कि हिंसा से देश को नुकसान हुआ है। हालांकि, सेना देश के हालात को पूरी तरह संभाल लेगी। सेना ने देश में अंतरिम सरकार के गठन के साथ शांति स्थापित करने की भी बात कही। प्रदर्शनकारियों से कानून अपने हाथ में न लेने की अपील भी की गई।




**देश के कई इलाकों में मनाया जा रहा है जीत का जश्न**









## क्या है बांग्लादेश का आरक्षण आंदोलन

बांग्लादेश में स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण दिया गया था। इसी आरक्षण के विरोध में इस वक्त बांग्लादेश में प्रदर्शन हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के 21 जुलाई के फैसले के बाद माना जा रहा था कि विरोध प्रदर्शन खत्म हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आंदोलन और भी उग्र हो गया। लगातार हो रही मौतों के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है।

### बांग्लादेश में कैसे शुरू हुई थी हिंसा?

कहानी 1971 से शुरू होती है। ये वो साल था जब मुक्ति संग्राम के बाद बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली। एक साल बाद 1972 में बांग्लादेश की सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण दे दिया। इसी आरक्षण के विरोध में इस वक्त बांग्लादेश में प्रदर्शन हो रहे हैं।

यह विरोध जून महीने के अंत में शुरू हुआ था तब यह हिंसक नहीं था। हालांकि, मामला तब बढ़ गया जब इन विरोध प्रदर्शनों में हजारों लोग सड़क पर उतर आए। 15 जुलाई को ढाका विश्वविद्यालय में छात्रों की पुलिस और सत्तारूढ़ अवामी लीग समर्थित छात्र संगठन से झड़प हो गई। इस घटना में कम से कम 100 लोग घायल हो गए।

अगले दिन भी बांग्लादेश में हिंसा जारी रही और कम से कम छह लोग मारे गए। 16 और 17 जुलाई को भी और झड़पें हुईं और प्रमुख शहरों की सड़कों पर गश्त करने के लिए अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया। 18 जुलाई को कम से कम 19 और लोगों की मौत हो गई जबकि 19 जुलाई को 67 लोगों की जान चली गई। इस तरह से इस हिंसक आंदोलन के चलते अब तक 300 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है।

**सवाल उठता है कि आरक्षण 1972 में दिया गया तो आंदोलन अभी क्यों हो रहा है? :** 1972 से जारी इस आरक्षण व्यवस्था को 2018 में सरकार ने समाप्त कर दिया था। जून में उच्च न्यायालय ने सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली को फिर से बहाल कर दिया। कोर्ट ने आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करने के फैसले को भी गैर कानूनी बताया था। कोर्ट के आदेश के बाद देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हालांकि, बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। सरकार की अपील के बाद सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को निलंबित कर दिया और मामले की सुनवाई के लिए 7 अगस्त की तारीख तय कर दी।



मामले ने तूल और तब पकड़ लिया जब प्रधानमंत्री हसीना ने अदालती कार्यवाही का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा करने से इनकार कर दिया। सरकार के इस कदम के चलते छात्रों ने अपना विरोध तेज कर दिया। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनकारियों को 'रजाकार' की संज्ञा दी। दरअसल, बांग्लादेश के संदर्भ में रजाकार उन्हें कहा जाता है जिन पर 1971 में देश के साथ विश्वासघात करके पाकिस्तानी सेना का साथ देने के आरोप लगा था।

### पूरे मसले पर सरकार का रुख क्या है?

बांग्लादेश में ताजा हिंसा के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा पैनल की बैठक की। इसके बाद एक बयान में पीएम हसीना ने कहा, 'जो लोग इस समय सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, वे छात्र नहीं बल्कि आतंकवादी हैं जो देश को अस्थिर करना चाहते हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं अपने देशवासियों से इन आतंकवादियों का सख्ती से दमन करने की अपील करती हूं।' राजधानी ढाका में एक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तोड़फोड़ हुई। इस घटना के बाद स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने कहा कि अस्पताल पर हमला अस्वीकार्य है। उन्होंने ने कहा कि हर किसी को इससे बचना चाहिए। विरोध के शुरूआत प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आरक्षण प्रणाली का बचाव करते हुए कहा था कि युद्ध में अपने योगदान के लिए स्वतंत्रता सेनानियों को सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए, चाहे उनका राजनीतिक जुड़ाव कुछ भी हो। उनकी सरकार ने मुख्य विपक्षी दलों, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इस बीच, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने पीएम हसीना से सड़कों से सैनिकों को हटाने और संकट को हल करने के लिए 'राजनीतिक पहल' करने का आग्रह किया है।



## क्या है बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था?

**विरोध** प्रदर्शनों के केंद्र में बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था है। इस व्यवस्था के तहत स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के लिए सरकारी नौकरियों में 30% आरक्षण का प्रावधान था। 1972 में शुरू की गई बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था में तब से कई बदलाव हो चुके हैं। 2018 में जब इसे खत्म किया गया, तो अलग-अलग वर्गों के लिए 56% सरकारी नौकरियों में आरक्षण था। समय-समय पर हुए बदलावों के जरिए महिलाओं और पिछड़े जिलों के लोगों को 10-10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई। इसी तरह पांच फीसदी आरक्षण धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए और एक फीसदी दिव्यांग कोटा दिया गया। हालांकि, हिंसक आंदोलन के बीच 21 जुलाई को बांग्लादेश के शीर्ष न्यायालय ने सरकारी नौकरियों में अधिकतर आरक्षण खत्म कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर क्या फैसला सुनाया?

21 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय ने उस फैसले को पलट दिया, जिसके तहत सभी सिविल सेवा नौकरियों के लिए दोबारा आरक्षण लागू कर दिया गया था। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्णय में, यह निर्धारित किया गया कि अब केवल पांच फीसदी नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए आरक्षित होंगी। इसके अलावा दो फीसदी नौकरियां अल्पसंख्यकों या दिव्यांगों के लिए आरक्षित होंगी। वहीं बाकी बचे पदों के लिए अदालत ने कहा कि ये योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों के लिए खुले होंगे। यानी 93 फीसदी भर्तियां अनारक्षित कोटे से होंगी।

### कोर्ट ने लगभग आरक्षण खत्म कर दिया, फिर प्रदर्शन क्यों?

शुरूआत से प्रदर्शनकारी छात्र मुख्य रूप से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के लिए आरक्षित नौकरियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि इसकी जगह योग्यता आधारित व्यवस्था लागू हो। प्रदर्शनकारी इस व्यवस्था को खत्म करने की मांग कर रहे थे, उनका कहना है कि यह भेदभावपूर्ण है और प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के समर्थकों के फायदे के लिए है। बता दें कि प्रधानमंत्री शेख हसीना बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब उर रहमान की बेटी हैं, जिन्होंने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद माना जा रहा था कि विरोध प्रदर्शन खत्म हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और आंदोलन और भी उग्र हो गया। छात्र संगठनों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब विरोध प्रदर्शनों का अंत नहीं है और इन्होंने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग शुरू कर दी।

जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के विरोध समन्वयक महफूजुल हसन ने कहा कि उनकी अभी भी कई मांगें हैं जिन्हें सरकार को पूरा करना होगा, तभी वे प्रदर्शन समाप्त करेंगे। उन्होंने कहा, 'अब हम अपने भाइयों की जान के लिए न्याय चाहते हैं। प्रधानमंत्री को माफी मांगनी चाहिए और जो लोग दोषी हैं, उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।'

हसन ने कहा कि छात्र समूह उन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को हटाने की भी मांग कर रहे हैं, जहां प्रदर्शनकारियों को हिंसा का सामना करना पड़ा और उन राजनेताओं को भी हटाया जाना चाहिए, जिन्होंने प्रदर्शनकारियों के बारे में भड़काऊ टिप्पणियां फैलाईं।

ढाका विश्वविद्यालय के छात्र और विरोध-प्रदर्शन के समन्वयक हसीब अल-इस्लाम ने कहा कि वे सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को सकारात्मक मानते हैं, लेकिन मांग की कि आरक्षण संशोधन विधेयक संसद में पारित किया जाए।












## एमएलसी दिनेश गोयल ने किया पूर्वजों की परंपरा का पालन

### पुरा महादेव मन्दिर पर किया 4 दिन तक भंडारे का आयोजन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुरा महादेव मन्दिर पर किया 4 दिन तक भंडारे का आयोजन। एमएलसी दिनेश गोयल केवल सियासत से ही जुड़े हुए नही है। वो अपने पूर्वजों की धार्मिक विरासत से भी जुड़ कर चलते हैं। अपने पूर्वजों की परंपरा का पालन करते हुए 42 वर्षो से निरंतर चलाए जा रहे पुरा महादेव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा 31 जुलाई से 3 अगस्त तक लगातार चला। 4 दिन तक लगातार सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक भंडारा आयोजित किया गया।

## जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जनपद स्तर पर प्राप्त जाति से सम्बन्धित शिकायतों के सत्यापन / सुनवाई के लिए जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें उक्त समितियों के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक में राजकुमार पुत्र स्व० गोकल चन्द निवासी सुन्दरपुरी, विजयनगर, गाजियाबाद एवं राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व० रामशरण निवासी पुराना विजयनगर, गाजियाबाद द्वारा उपलब्ध कराये गये 09 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सर्वप्रथम राजकुमार पुत्र स्व० गोकल चन्द के प्रकरण पर सुनवाई की गई। सुनवाई में राजकुमार अध्यक्ष / जिलाधिकारी को सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिये जाने एवं अपना कोरी जाति का जाति प्रमाण पत्र को बनवाने के लिए उपलब्ध कराये गये फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इनका जाति प्रमाण पत्र निरस्त करते हुए एफ० आई० आर० कराये जाने के निर्देश दिये गये। तदुपरान्त राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व० रामशरण द्वारा उपलब्ध कराये गये 09 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सुनवाई में जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार सदर, गाजियाबाद को निर्देश दिये गये कि शासनादेशानुसार एवं सम्यक जांचोपरान्त सभी का कोरी जाति का जाति प्रमाण पत्र जारी करते हुए समिति के समक्ष आख्या प्रस्तुत करें।

उक्त बैठक में एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती, समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह, डीबीडब्लूओ पीयूष चन्द्र राय, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, रवि कुमार सिंह, तहसीलदार सदर, गाजियाबाद, राजकुमार, राजेन्द्र कुमार, बिजेन्द्र कुमार, कुंवरपाल सिंह आर्य, कु० काजल एवं ज्ञानो उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपका बता रहा हूँ राज की बात ? बड़े वाले जनप्रतिनिधि के लिस्ट में है पाँच चेहरे ही खास ? इस लिस्ट में है दो त्यागी और तीन ठाकुर चेहरों का नाम ? स्पेशल वाली दावत का इन तीनो को ही भेजा गया था पैगाम ? जब से पता चली है खुद को खास समझने वाले बाकी चेहरों को ये बात ? तब से उनके दिलों में लगी हुई है आग ? दबी हुई आवाज में गा रहें ये गाना, तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम आज के बाद ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है भगवा गढ़ के वैश्य चेहरे ने अब निभा लिया है एंग्रीमेन वाला किरदार ? जमीन के एक मुद्दे पर उनकी एक पीसीएस अधिकारी से हुई है जबरदस्त नोकझोंक ? जिसके आवाजें दीवारों को चीरती हुई आ गई है बाहर ? सुनने वालों ने आक्रोश के शब्द सुने के बाद बताई है बात ? कहा, अधिकारियों से लोहा लेते हुए कभी नहीं देखा आजतक हमने किसी दूसरे जनप्रतिनिधि का अंदाज ? अब लड़ाई की जो भी रही हो वजह ? मगर दिल से कहना चाहता हूँ, भगवा वैश्य नेता के क्रांतिकारी तेवर देखकर हमको तो आ गया मजा ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल भगवा बजरंगी भैया का दिल है ऊपर ? और उनके विरोधियों का आसमान है नीचे ? जब से एनजीटी के आदेश पर गिराया है प्रशासन वालों ने अवैध अतिक्रमण ? तब से बजरंगी भैया के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही यार ? सुना है इस लड़ाई में उनको हराने के लिए शामिल थे बड़े बड़े किरदार ? सभी को मिली है अब बजरंगी के सामने बड़ी वाली हार ? उस वक्त अगर मान ली होती इन बड़े चेहरों ने मिस्टर डागर की बात ? तो आज ऐसे बनते ही नहीं हालत ? इस पूरे मामले में बजरंगी निकले है एकदम साफ ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बहुत दिनों से कर रहे थे कुल में दीप जलाने वाले मिस्टर चौहान को मिस ? हमे लग रहा था अब वो नहीं आयेंगे हमारे बीच ? मगर हमारी ये गलफहमी हो गई उस वक़्त दूर ? जब चौहान साहब ने फ्रेंडशिप वाला मेसेज भेजकर प्यार दिखाया भरपूर ? फ्रेंडशिप डे पर उन्होंने गाजियाबाद के तमाम चेहरों को भेजा ये प्रेम भरा संदेश ? हम तो बस ये ही जाना चाहते है कि फ्रेंडशिप की शुभकामनाओं वाली डिलीवरी में क्या शामिल किया था उन्होंने पहलवान और पहलवान के दोस्त का भी फेस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेदी वालों का गर्ग साहब के दिल में है कितना बड़ा वाला किरदार ? जो मैं आपको बात बताने जा रहा हूँ, उससे सब स्पष्ट हो जाएगा यार ? किसी ने पूरे प्रेम से गर्ग साहब को पूरे दिन के कार्यक्रमों की दिखाई लिस्ट ? हर कार्यक्रम के सामने लिखा था कार्यक्रम फाइनल करने वाले का नाम ? नाम सुनने के बाद गर्ग साहब ले रहे थे जाने और नहीं जाने का फैसला ? जैसे ही मेदी जी का नाम आया, आ गई गर्ग साहब के चेहरे पर मुस्कान ? उन्होंने पूरे प्रेम से कहीं सामने वाले से बात, कहा जहाँ मेदी जी का नाम आ जाए वहाँ तो हमको जाना ही है ? आगे से इस बात को रखना आप पूरी शिद्दत से याद ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हल्की हल्की बहती हवाओं ने ये कर दिया है ये स्पष्ट ? हाल ही में भगवा हुए प्रबुद्ध भैया का दिल है समाजवादियों के निकट ? हमने देखा, गाये के इंसाफ वाले मामले में उन्होंने जीतू भैया की सोशल मीडिया पर की खुलकर तारीफ ? उन्हें शायद नहीं पता है, उनके शब्दों पर कुछ भगवा चेहरे नजरें रखें हुए है बारीक ? जैसे ही उन्होंने समाजवादी जीतू भैया की तारीफ में लिखा वेलडन ? वैसे ही ले लिया लेने वालों ने उनकी इस तारीफ का स्क्रीनशॉट ? फिलहाल तारीफ के इस मामले रखने वाले ठंडे बसते में डालकर रखेंगे ? जैसे ही कुछ लेने की बारी आएगी, तभी ऐसी पोस्टों को बाहर निकालकर मामला बना दिया जाएगा हॉट ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि खामोश नहीं हुए है रोड़ा वाले एरिया के मिस्टर भाटी ? अपनी टीम के साथ ऐक्टिव होकर वो मजबूत कर रहे है अपनी राजनीति की लाठी ? मौके पर पहुँच वो खुद के सक्रिय होने का दे रहे है लगातार संदेश ? बना रहे है वि लगातार अपना मजबूत बेस ? क्या अपने ही किसी खास को वो दे रहे मजबूत प्रतिस्पर्धा ? ऐसी हो रही है रोड़ा वाले गलियारों में चर्चा ? आज नहीं तो कल स्पष्ट हो जाएगी सारी बात ? कौन हो चुका है दूर और कौन है साथ ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ने कि ये कोई नई नहीं है बात ? पूर्व वाली भगवा मैडम से सिर्फ. नहीं हुए है भगवा कमांडर ही नाराज ? दो विधायकों के दिल में भी चुभ चुके है दीदी के शब्दों के तीर ? उन्होंने भी शब्दों की चुभन से मौके पर प्रकट किया था अपना विरोध ? ये बात की हुई है कई नेताओं ने नोट ? त्याग की भावना रखने और क्रांतिकारी वालों से ले सकते हो आप इस बारे में अपडेट ? दीदी जिसको जो कहना है कह देती है ? फिर नहीं देखती है वो छोटा बड़ा फेस ? दीदी की इसी साफगोई का रहता है उनके समर्थकों में क्रेज ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बड़े जनप्रतिनिधि के स्टेनो पर गिरा दी है आईएएस अधिकारी ने गाज ? सुना है स्टेनो की लगातार मिल रही शिकायतों से थे वो बहुत ही ज्यादा नाराज ? नाराज किस वजह से थे ये बात भी जल्द आने वाली है बाहर ? कार्यवाही बड़े जनप्रतिनिधि को बताकर की गई है ? सुना है मिस्टर स्टेनो तमाम शक्तियों का फायदा उठाते हुए कुछ ज्यादा ही हो गए थे आपे से बाहर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम के अधिकारी की ताकत के जलवे इन दिनों हो रहे है बहुत ज्यादा आम ? कहने वाले कह रहे उनके कितने ही तबादले कर दियें जाये, मगर कुछ दिनों में मिल ही जाता है उनको अपनी फेवरेट सीट पर काम ? बसपा से लेकर सपा के शासन में रहा है उनका इसी सीट पर राज ? भाजपा के डबल शासन में भी नहीं कर पाया है उनका कोई भी पत्ता साफ ? सुना है अंगद के पैर की तरह जमे हुए ये अधिकारी आ गए है कुछ पार्षदों के निशाने पर ? इन सब ने शुरू कर दे है मुहिम इन अधिकारी को किसी दूसरे ठिकाने पर पहुँचाने पर ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## शहर की स्वच्छता में अहम भूमिका निभा रहा है निगम का ट्रिपल आर अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल अभियान को तेजी दी जा रही है। अनुपयोगी वस्तुओं को एक स्थान पर इकट्ठा करते हुए जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है जिससे न केवल जरूरतमंद व्यक्तियों को सहयोग मिल रहा है बल्कि शहर की स्वच्छता में भी बड़ा कार्य हो रहा है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पांचों जोन में ट्रिपल आर सेंटर हैं जिनके माध्यम से रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल के अभियान को तेजी दी जा रही है। मुख्य रूप से वैशाली सेक्टर 2 मैक्स हॉस्पिटल के सामने ट्रिपल आर का सेंटर है, जहां से शहर की स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए अनुपयोगी वस्तुओं को जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है।

### हर घर पहुंचेगा ट्रिपल आर कलेक्शन व्हीकल : नगर आयुक्त

#### रीयूज रीसाइकिल तथा रिड्यूस को मिल रहा है बढ़ावा : नगर आयुक्त



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बताया कि पिछले एक वर्ष में लगभग डेढ़ लाख घरों को इस मुहिम से जोड़ा गया है। गाजियाबाद नगर निगम की एसबीएम टीम घर-घर को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है जिसमें ट्रिपल आर की कार्यशैली के बारे में भी बताया जा रहा है। उत्साह के साथ शहरवासी निगम के साथ जुड़ रहे हैं। कई सामाजिक संस्थाएं भी इस कार्य में सहयोग कर रही हैं। विवेकानंद नगर पटेल नगर अर्थला करेड़ा भोपुरा अन्य मलिन बस्तियों में इन सामानों का वितरण का कार्य किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों में भी ट्रिपल आर को लेकर उत्साह

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ट्रिपल आर अभियान चला रहा है जो कि सफल होता दिख रहा है। विद्यार्थियों में भी ट्रिपल आर को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। विद्यार्थी अपनी पुरानी किताबों को ट्रिपल आर सेंटर पर जमा कर रहे हैं। इसी के साथ ट्रिपल आर कलेक्शन व्हीकल भी अनुपयोगी वस्तुओं को इकट्ठा करने का कार्य कर रहा है। हर घर तक ट्रिपल आर कलेक्शन व्हीकल पहुंचे इसकी योजना नगर आयुक्त द्वारा बनाई जा रही है। डोर टू डोर पूरा कलेक्शन की तर्ज पर ही ट्रिपल आर कलेक्शन व्हीकल हर घर जाकर अनुपयोगी वस्तुओं को इकट्ठा करेगा जिस शहर के कचरे में कमी आएगी तथा वही अनुपयोगी वस्तुएं किसी के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी क्षेत्रीय पार्षदों का भी विशेष सहयोग इस मुहिम में मिल रहा है जो कि सराहनीय है।

## बीमारियों का कारण बन रहे हैं कूड़े के ढेर : नंदकिशोर गुर्जर

### लोनी में जगह-जगह बन रहे कूड़े के ढेर हटाने के लिए लोनी विधायक ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सोमवार को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर लोनी में जगह-जगह नगरपालिका द्वारा किये जा रहे कूड़े के डंपिंग से बन रहे कूड़े के पहाड़ों को तत्काल हटाने के लिए कहा है। विधायक ने डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मेरी विधानसभा लोनी के ग्राम निठोरा गांव के पास, सिखरानी, बागराणप और शब्लू गढ़ी समेत कई कॉलोनियों के बीचोबीच में नगरपालिका परिषद द्वारा लगातार कूड़ा डंपिंग किए जाने के कारण बन रहे कूड़े के पहाड़नुमा ढेर से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। जनता दर्शन में दर्जनों शिकायत उक्त समस्या के संबंध में प्राप्त हो रही हैं जिसमें कूड़े के ढेर के कारण आस-पास क्षेत्रों में उठती बदबू, प्रदूषित होते वातवरण एवं महामारी फैलने की संभावना से स्थानीय लोग परेशान हैं। पूर्व में एनजीटी ने भी इस विषय पर संज्ञान लिया था और प्रशासन को फटकार लगाई थी। इसलिए लोनी में सभी स्थानों पर लगे कूड़े के ढेरों के निस्तारण के लिए जनहित में संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे कूड़े के ढेर से प्रभावित हो रहे लोगों की चिंताओं का समाधान हो सके।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक लड़की जिसका चेहरा हंसता है। वो अंग्रेजी जानती है मगर उसके दिल में गांव बसता है। वो हल्दीराम ब्रांड का स्वाद जानती है लेकिन गांव के रूपा हलवाई को बेंच मार्क बताती है। वो धर्म संस्कृति को समझती है और अपनी मम्मी को वेलेंटाइन मानती है। आज उस लड़की आयुषी त्यागी का हैप्पी बर्थडे है। ट्वेन्टी प्लस की बर्थडे वाली ये पोस्ट बनी है करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## पार्षद छाया संजय त्यागी ने आश्रम मुख्य मार्ग का किया शिलान्यास

### 15 लाख की आबादी को इससे सीधा लाभ मिलेगा : पार्षद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आश्रम मुख्य मार्ग का शिलान्यास सोमवार को स्थानीय पार्षद छाया संजय त्यागी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इससे 15 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। दीनदयाल पुरी वैम्बे कॉलोनी साई एंक्लेव माया एंक्लेव पुस्तापार के लाखों लोगों को इसका सीधा लाभ होगा। ये ही एक मुख्य मार्ग ऐसा है जो सीधा मेरठ रोड से नंद ग्राम को जोड़ता है। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि इसकी लागत दो करोड़ 90 लाख है जिसमें सड़क और नाला शामिल है। काफी लंबे समय से इस सड़क की हालत बहुत ही दयनीय थी। इस सड़क के लिए उन्होंने विशेष रूप से अपने नेतृत्व का और नगर आयुक्त व महापौर का धन्यवाद किया। मोदी और योगी के नेतृत्व में जिस प्रकार से देश और प्रदेश आगे बढ रहा है। मोदी के नेतृत्व में विकास गति पकड़ रहा है। उसी गति से वार्ड 11 में भी विकास की गति बरकरार रहेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता राजीव शर्मा भाजपा नेता संजय त्यागी सुभास पाल मंडल मंत्री। सचिन अग्रवाल वार्ड अध्यक्ष। हरीश कश्यप सुभास गौतम। राजन शर्मा अर्पित पांडे। मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोनो सूद। नगर निगम के अधियासी अभियंता सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वसुंधरा में धूमधाम से मनाई गई हरियाली तीज, महिलाओं ने लिया तीज उत्सव का आनंद

### पार्षद प्रतिमा शर्मा ने प्रतियोगिता में विजयी महिला को किया सम्मानित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सावन महीने के हरियाली तीज महिलाओं के लिए बेहद खास होता है, सभी महिलाएं इस दिन का साल भर इंतजार करती हैं। वसुंधरा सेक्टर-12 फ्रेंड सोसाइटी में आरडब्ल्यूए व सोसाइटी की महिला मंडल की सभी महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम के अंतर्गत डांस, गाना, गेम, चुटकुले एवं मजेदार जोक्स एवं बहुत सी प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और अपनी प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद प्रतिमा शर्मा ने प्रतियोगिता में विजयी महिला को सम्मानित किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष विशाल चौधरी, उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता, सेक्रेटरी मनीष त्यागी, नीतीश खेतान, दीपक विज, विमल वालिया, सुनना सिंह, शैली राणा, किरण विज, सोनिया सेठी, डॉली सेनी, मनीषा चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी ने नोएडा विधायक तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पार्षद रवि भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान ने भी पंकज सिंह से मुलाकात की ओर उनका स्वागत किया।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।